दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली रविवार 17 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 144 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# 369 करोड़ के बजट के साथ गाजियाबाद को चमकाने की तैयारी
## सफाई, जलापूर्ति, पार्क और आउटसोर्सिंग पर निगम का बड़ा फोकस

## कार्यकारिणी बैठक में गरमाए सवाल : पार्षदों के तीखे तेवर, प्रोटोकॉल विवाद, विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की अनदेखी पर जमकर चला वार

### निगम मीटिंग
**तमाम हंगामे और तीखी बहसों के बाद वर्ष 2026-27 का प्रस्तावित बजट सर्वसम्मति से हुआ पास**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम की शनिवार को हुई कार्यकारिणी बैठक शहर की राजनीति, निगम प्रशासन और विकास व्यवस्था का ऐसा मंच बन गई, जहां एक ओर 369 करोड़ रुपये से अधिक का महत्वाकांक्षी बजट पेश किया गया तो दूसरी ओर पार्षदों ने अधिकारियों और व्यवस्था को खुलकर कटघरे में खड़ा कर दिया। बैठक में सफाई व्यवस्था से लेकर पार्कों तक, आउटसोर्सिंग से लेकर यूजर चार्ज तक और विकास कार्यों के शिलापट्ट से लेकर कार्यकारिणी उपाध्यक्ष की कुर्सी तक पर तीखी बहस होती रही। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक और मेयर सुनीता दयाल की मौजूदगी में हुई इस बैठक में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, भाजपा पार्षद राजीव शर्मा, नरेश भाटी, साहिबाबाद से गौरव सोलंकी, कांग्रेस पार्षद अजय शर्मा समेत तमाम सदस्य मौजूद रहे। बैठक शुरू होते ही माहौल गरमा गया और हालात ऐसे रहे कि करीब दो घंटे तक बजट चर्चा शुरू ही नहीं हो सकी। हर पार्षद अपने क्षेत्र की समस्याओं, अधिकारियों की कार्यशैली और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के मुद्दे उठाता रहा। हालांकि तमाम हंगामे और तीखी बहसों के बाद आखिरकार वर्ष 2026-27 का करीब 369.03 करोड़ रुपये का प्रस्तावित बजट सर्वसम्मति से पास हो गया। इस मौके पर पार्षद नीरज गोयल, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद विनील दत्त, पार्षद देवनारायण शर्मा, पार्षद प्रमोष यादव, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद नरेश जाटव, पार्षद अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वास्थ्य सफाई कर्मचारियों पर लगभग 67.80 करोड़ रुपये | ठेका सफाई व्यवस्था पर करीब 85 करोड़ रुपये | मलिन बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई पर लगभग 25 करोड़ रुपये | जल संस्थान अभियान पर करीब 20 करोड़ रुपये | पार्कों के अनुरक्षण पर लगभग 25 करोड़ रुपये | ठेके पर रखे तकनीकी कर्मचारियों के लिए लगभग 16 करोड़ रुपये |







## 96 करोड़ रुपये बढ़ा निगम का खर्च, सफाई और स्वास्थ्य पर सबसे बड़ा दांव

करंट क्राइम। नगर निगम के बजट दस्तावेज के अनुसार वर्ष 2024-25 में निगम का वास्तविक व्यय लगभग 273.19 करोड़ रुपये था। इसके बाद वर्ष 2025-26 में पुनरीक्षित बजट करीब 337.35 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और अब वर्ष 2026-27 के लिए यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 369.03 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है। यानी दो वर्षों के भीतर नगर निगम के खर्च में करीब 96 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। बजट के आंकड़े साफ बताते हैं कि निगम इस बार सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, आउटसोर्सिंग मॉडल, पार्कों के रखरखाव और जलापूर्ति व्यवस्था पर बड़ा दांव खेलने जा रहा है। सबसे अधिक बजट स्वास्थ्य विभाग और



उससे जुड़े सफाई अभियानों के लिए प्रस्तावित किया गया है।

- स्वास्थ्य सफाई कर्मचारियों पर लगभग 67.80 करोड़ रुपये
- ठेका सफाई व्यवस्था पर करीब 85 करोड़ रुपये
- मलिन बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई पर लगभग 25 करोड़ रुपये
- जल संस्थान अभियान पर करीब 20 करोड़ रुपये
- पार्कों के अनुरक्षण पर लगभग 25 करोड़ रुपये
- इसके अलावा ठेके पर रखे तकनीकी कर्मचारियों के लिए लगभग 16 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

## कार्यकारिणी बैठक में प्रवीण चौधरी ने आरोपों का दिया जवाब, नॉमिनेटेड पार्षदों के लिए एक करोड़ की मांग मंजूर



गाजियाबाद। नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कुछ समय पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए आरोपों पर बेबाकी से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जिस कार्यालय पर कब्जा कर बैठने के आरोप लगाए गए, वह कार्यालय उन्हें नगर निगम संपत्ति विभाग द्वारा विधिवत एलॉट किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में वहां राजेंद्र त्यागी बैठते थे और उनके कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बनने के बाद क्षेत्रीय समस्याएं सुनने के लिए नगर निगम ने उन्हें कुर्सी, मेज समेत पूरा कार्यालय आवंटित किया। रामलीला ग्राउंड और पार्क में लगी लाइटों को लेकर प्रवीण चौधरी ने कहा कि यह व्यवस्था नगर निगम के बजट से नहीं बल्कि उरफफंड से जनता और पुलिस की मांग पर कराई गई। उन्होंने कहा कि वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता था और बाउंड्री पर घने पेड़ होने के कारण पेड़ों को काटे बिना बीच में पोल लगाकर लाइटें लगाई गईं ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके और पर्यावरण को नुकसान भी न पहुंचे। बैठक में प्रवीण चौधरी ने नॉमिनेटेड पार्षदों के लिए भी निर्वाचित पार्षदों की तरह एक-एक करोड़ रुपये के बजट की मांग रखी, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

### प्रोटोकॉल पर भड़के प्रवीण चौधरी, 'जरूरत नहीं है तो कार्यकारिणी सिस्टम बंद कर दो'

करंट क्राइम। कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी बैठक में सबसे ज्यादा मुखर दिखाई दिए। बैठक में प्रोटोकॉल फॉलो न होने पर उन्होंने अधिकारियों को सीधे निशाने पर ले लिया। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस पद पर वह हैं, उसके अनुरूप व्यवस्था तक मौके पर नहीं थी। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा, 'अगर उपाध्यक्ष और कार्यकारिणी की जरूरत नहीं है तो इस सिस्टम को ही बंद कर दो।' प्रवीण चौधरी यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा, 'मैं इस व्यवस्था को शेम करता हूं। दुर्भाग्य है कि पूरा शहर यह सब देख रहा है।' उनकी इस टिप्पणी के बाद बैठक का माहौल और गर्म हो गया। शुरूआती दौर में राजीव शर्मा और प्रवीण चौधरी लगातार मुद्दों को तेज करते रहे।

## 'इतने लंबे समय से बैठक क्यों नहीं हुई?' : राजीव शर्मा



करंट क्राइम। बैठक की शुरूआत होते ही भाजपा पार्षद राजीव शर्मा आक्रामक अंदाज में दिखाई दिए। उन्होंने अधिकारियों पर सवालों की झड़ी लगा दी। राजीव शर्मा ने पूछा कि कार्यकारिणी की बैठक इतने लंबे समय तक क्यों नहीं बुलाई गई। उन्होंने कहा कि मूल बजट आने का एक निर्धारित समय होता है, इसलिए यह स्पष्ट किया जाए कि देरी किस वजह से हुई और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। उन्होंने एओ अनुराग सिंह से इसका 'सैद्धांतिक कारण' पूछते हुए जवाब मांगा। हालांकि अधिकारियों की ओर से कोई मजबूत या संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद सदन का माहौल और अधिक गरमा गया।

### विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की अनदेखी पर जमकर हंगामा, 'उद्घाटन में जनप्रतिनिधियों को ही नहीं बुलाया जा रहा'

करंट क्राइम। बैठक के दौरान विकास कार्यों के उद्घाटन में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित न किए जाने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। राजीव शर्मा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि विकास कार्यों के उद्घाटन में सांसद, विधायक, मंत्री और पार्षद तक को नहीं बुलाया जा रहा। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों की खुली अनदेखी बताया। इस मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए प्रवीण चौधरी ने विकास कार्यों के शिलापट्टों पर पार्षदों का नाम लिखे जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि जिस वार्ड में विकास कार्य हो रहा है, वहां के पार्षद की भूमिका और पहचान को खत्म नहीं किया जा सकता।

## कुर्सी विवाद से बढ़ा राजनीतिक तापमान, 'कुर्सी थी या हटाई गई?'



करंट क्राइम। बैठक के दौरान कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी के लिए सीट नहीं होने का मामला भी चर्चा का विषय बन गया। कांग्रेस पार्षद अजय शर्मा ने कहा कि उन्होंने खुद वहां कुर्सी देखी थी और संभव है कि किसी ने बाद में हटा दी हो। इस पर प्रवीण चौधरी ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह इस बात से सहमत नहीं हैं। उनके चेहरे और शब्दों से नाराजगी साफ दिखाई दे रही थी।





## नगर आयुक्त ने संभाली पूरी बैठक, हंगामे के बीच भी शांत दिखे विक्रमादित्य मलिक



करंट क्राइम। जहां एक ओर पार्षद लगातार आक्रामक रुख में दिखाई दे रहे थे, वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक पूरे समय बेहद संतुलित अंदाज में बैठक को संभालते रहे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद उन्होंने कार्यवाही को पटरी पर बनाए रखने की कोशिश जारी रखी।

## 'मेरे वार्ड में एक भी विकास का पत्थर नहीं', गौरव सोलंकी ने अधिकारियों को दिया सीधा चैलेंज



करंट क्राइम। साहिबाबाद क्षेत्र से पार्षद गौरव सोलंकी ने बैठक में अधिकारियों को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि उनके वार्ड में विकास कार्यों का एक भी शिलापट्ट नहीं लगाया गया है। इस पर राजीव शर्मा ने भी कहा कि पहले विकास कार्यों के पत्थर लगाए जाएं और जनप्रतिनिधियों को उनका सम्मान दिया जाए।

## 'हर बोर्ड बैठक में मुद्दे उठाता हूं, सुनवाई नहीं होती', नरेश भाटी ने जताई नाराजगी



करंट क्राइम। भाजपा पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि वह हर बोर्ड बैठक में अलग-अलग मुद्दे उठाते हैं, लेकिन किसी पर सुनवाई नहीं होती। उन्होंने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायतें केवल कागजों तक सीमित रह जाती हैं।

## 'यहां सिर्फ एक अधिकारी को शहर की चिंता', राजीव शर्मा ने बिना नाम लिए बढ़ाए एक अधिकारी के नंबर



करंट क्राइम। राजीव शर्मा ने बैठक के दौरान मेयर से कुछ दूरी पर बैठे एक अधिकारी की तारीफ करते हुए कहा कि यहां मौजूद केवल एक अधिकारी ऐसा है जिसे वास्तव में शहर की चिंता दिखाई देती है। इसके साथ ही उन्होंने मेयर के सहायक मनीष शर्मा के कथित शब्दों का जिक्र करते हुए कहा कि यह बात ठीक नहीं लगी कि 'मेयर के आने के बाद ही कार्यकारिणी कक्ष खुलेगा।' उन्होंने इस मुद्दे पर खुलकर नाराजगी जाहिर की। हालांकि मेयर सुनीता दयाल ने इस पूरे घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

## लालमन लस्सी वाले पर मेयर का बड़ा एक्शन, 'कूड़ा फैलाया तो लगेगा भारी जर्माना'



करंट क्राइम। बैठक के दौरान मेयर सुनीता दयाल ने लालमन लस्सी वाले को निशाने पर लेते हुए कहा कि डिस्पोजेबल ग्लास के कारण शहर में भारी मात्रा में कूड़ा फैल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल 10 हजार रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए। यह कार्रवाई बैठक के दौरान सबसे चर्चित फैसलों में शामिल रही।

### सफाई कर्मचारियों की तैनाती पर सख्ती, 'जनसंख्या और एरिया के हिसाब से लगेंगे कर्मचारी'

करंट क्राइम। वार्डों में सफाई कर्मचारियों की संख्या कम-ज्यादा होने का मुद्दा भी बैठक में उठा। इस पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश शर्मा को निर्देश दिए गए कि हर वार्ड में जनसंख्या और क्षेत्रफल के हिसाब से सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

### सामाजिक सहयोग से पार्क में लाइट लगाने पर विवाद, 'निगम पर बोझ नहीं डाला, फिर भी शिकायत'

करंट क्राइम। प्रवीण चौधरी ने अपने राजनगर वार्ड के पार्क में सामाजिक सहयोग से लगवाई गई लाइटों के खिलाफ हुई शिकायत पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधि नगर निगम पर आर्थिक बोझ डाले बिना काम कराने की कोशिश कर रहे हैं, तब स्थानीय विरोधी उनकी शिकायतें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में नगर निगम को खुद आगे आकर स्टैंड लेना चाहिए।

### यूजर चार्ज वसूली में गाजियाबाद नंबर-2, 'लखनऊ के बाद सबसे ज्यादा रिकवरी'

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बैठक में बताया कि यूजर चार्ज वसूली के मामले में गाजियाबाद पूरे प्रदेश में लखनऊ के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। उन्होंने इसे नगर निगम की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि राजस्व वसूली लगातार मजबूत हो रही है।

### दो घंटे बाद शुरू हुई बजट चर्चा, फिर सर्वसम्मति से हुआ पास



करंट क्राइम। लगातार हंगामे, सवाल-जवाब, आरोप-प्रत्यारोप और क्षेत्रीय समस्याओं की चर्चा के कारण करीब दो घंटे तक बजट पर चर्चा शुरू ही नहीं हो सकी। हालांकि बाद में बजट पर औपचारिक चर्चा हुई और हल्के-फुल्के विवादों के बीच आखिरकार वर्ष 2026-27 का करीब 369 करोड़ रुपये का बजट सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।

## प्रवीण चौधरी ने बढ़ाई नामित पार्षदों की ताकत, 1 करोड़ तक के विकास कार्यों की दिलाई शक्ति मेयर ने लगाई सहर्ष मोहर



करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी पूरे तेवर में नजर आए। बैठक के दौरान जब सभी पार्षदों के विकास कार्यों के बजट को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये करने पर चर्चा चल रही थी, उसी दौरान प्रवीण चौधरी ने नामित पार्षदों के अधिकारों का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। प्रवीण चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार निर्वाचित पार्षदों को अपने क्षेत्रों में विकास कार्य कराने का अधिकार प्राप्त है, उसी तरह नामित पार्षद भी जनता के बीच सक्रिय रहते हैं और उन्हें भी विकास कार्य कराने की समान शक्ति मिलनी चाहिए। उन्होंने मेयर और नगरायुक्त का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए नामित पार्षदों के वित्तीय अधिकार बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। कार्यकारिणी बैठक में जैसे ही यह प्रस्ताव सामने आया, उस पर सहमति बन गई और प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके बाद अब नगर निगम के नामित पार्षद भी अपने-अपने क्षेत्रों में एक-एक करोड़ रुपये तक के विकास कार्य करा सकेंगे। केडी सदन में प्रवीण चौधरी द्वारा उठाए गए इस मुद्दे को नामित पार्षदों के अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे अब नामित पार्षद भी क्षेत्रीय विकास योजनाओं में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। मेयर ने भी इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर सहर्ष लगा दी।



## राहुल का केंद्र पर बड़ा हमला

## कहा- पेपर लीक गठजोड़ का नतीजा

## शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग



**नई दिल्ली।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा में हुए कथित घोटाले को लेकर देश भर में मचा बवाल थमता नजर नहीं आ रहा है। इस संवेदनशील मुद्दे पर अब राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। लाखों छात्रों के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी बात रखी है। राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा कि यह पेपर लीक कोई साधारण चूक या प्रशासनिक गलती नहीं है। यह भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सिस्टम में बिठाए गए अयोग्य प्रोफेसर्स के गठजोड़ का नतीजा है।

### विचारधारा के कारण सिस्टम हुआ खोखला: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने यह गंभीर आरोप ऐसे समय में आया है जब देश के कोने-कोने से छात्र और उनके अभिभावक चिलचिलाती धूप में सड़कों पर उतर कर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। कांग्रेस नेता का कहना है कि वर्तमान सरकार ने देश के सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और परीक्षा कराने वाली एजेंसियों पर अपनी विचारधारा वाले लोगों को काबिज कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरिट और योग्यता को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है।

## आरजी कर मामले की सुनवाई के लिए हाईकोर्ट में नई बेंच गठित, पीड़िता के परिवार ने लगाई ये गुहार



**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। इस चर्चित मामले की सुनवाई के लिए अदालत ने नई डिवीजन बेंच का गठन किया है। अब इस पूरे मामले से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण याचिकाओं पर न्यायमूर्ति शम्पा सरकार और न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की पीठ सुनवाई करेगी।

मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पाल की पीठ ने शनिवार को इस संबंध में निर्देश जारी किए। आदेश के मुताबिक, अब मामले से जुड़ी सभी याचिका पर नई

> **अब नई बेंच बनने से सुनवाई में तेजी आने की उम्मीद है। पीड़िता के परिवार के वकील जल्द ही नई बेंच के सामने इस मामले की शीघ्र सुनवाई शुरू करने की मांग कर सकते हैं।**

बेंच में सुनवाई होगी। इससे पहले यह मामला हाईकोर्ट की अलग अलग बेंचों के पास जा चुका है। 12 मई को भी एक डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। अब नई बेंच बनने से सुनवाई में तेजी आने की उम्मीद है।

पीड़िता के परिवार ने इस मामले में सीबीआई जांच को लेकर एक नई अर्जी दाखिल की है। परिवार ने अदालत से घटनास्थल का फिर से निरीक्षण करने की अनुमति भी मांगी है। दूसरी ओर सीबीआई ने इस जघन्य अपराध के लिए दोषी को अधिकतम सजा यानी मृत्युदंड देने की मांग रखी है।

इस मामले में कोर्ट पहले ही संजय रॉय को दोषी करार दे चुका है। अब संजय रॉय ने अपनी सजा को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में एक अपील दायर की है। सूत्रों के अनुसार, पीड़िता के परिवार के वकील जल्द ही नई बेंच के सामने इस मामले की शीघ्र सुनवाई शुरू करने की मांग कर सकते हैं।

### मामले में तीन आईपीएस अधिकारियों पर गिरी गाज

इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने आरजी कर मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन बड़े आईपीएस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। इनमें कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, पूर्व डीसी नॉर्थ अभिषेक गुप्ता और पूर्व डीसी सेंट्रल इंदिरा मुखोपाध्याय शामिल हैं।

## '400 किमी दूर अचूक वार': सीडीएस अनिल चौहान बोले- ऑपरेशन सिंदूर में दिखा तकनीक का दम; पहली बार हुआ ऐसा सटीक युद्ध




**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भारतीय सेना के बदलते स्वरूप को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपने पुराने अनुभवों को याद करते हुए सेना के मानवीय चेहरे और आधुनिक युद्ध कौशल दोनों पर खुलकर चर्चा की। जनरल चौहान ने दो घटनाओं का जिक्र किया।

सीडीएस ने बताया कि उन्होंने मणिपुर के सेनापति जिले में 59वीं ब्रिगेड और बारामूला में 19वीं ब्रिगेड की कमान संभाली थी। यह दोनों ही इलाके उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित रहे हैं। जनरल चौहान के अनुसार, यह पूरी तरह जनता पर केंद्रित संघर्ष था। ऐसे संवेदनशील इलाकों में मानवीय भूगोल बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आज 15 से 20 साल बीत जाने के बाद भी वहां के लोग उन्हें याद करते हैं। लोग आज भी उन्हें फोन करते हैं। वह दोबारा लोगों से जुड़ने के लिए बारामूला भी गए थे। हालांकि, वह सेनापति जिला नहीं जा सके, जिसकी उन्हें दिली तमन्ना थी। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्र में नेलांग और जादुंग जैसे दो गांवों को फिर से बसाने पर भी खुशी जाहिर की।

### आधुनिक युद्ध का नया चेहरा ऑपरेशन सिंदूर

जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बेहद महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अतीत में लड़े गए सभी युद्धों से बिल्कुल अलग है। यह ऑपरेशन आज भी जारी है। इतिहास में पहली बार यह एक वास्तविक मल्टी-डोमेन ऑपरेशन था। इसका मतलब है कि सेना के तीनों अंगों ने एक साथ बेहद सटीक तालमेल के साथ काम किया। यह बड़े पैमाने पर 'नॉन-कॉन्टैक्ट वॉरफेयर' यानी बिना आमने-सामने आए लड़ा जाने वाला युद्ध था।

इस ऑपरेशन में अंतरिक्ष और साइबर जैसी आधुनिक तकनीकों का भरपूर इस्तेमाल किया गया। जनरल चौहान ने बताया कि भले ही यह मुख्य सैन्य कार्रवाई केवल 88 घंटे चली, लेकिन इसके लिए बहुत बड़े स्तर पर समन्वय की जरूरत थी।

## महिला को फंसाने के लिए सीएम शुभेंदु की हत्या का भेजा था झूठा मेल, पुलिस के सामने उगल दी सच्चाई



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की हत्या की साजिश का दावा करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने भवानीपुर थाने को एक फर्जी ईमेल भेजा था। इस ईमेल में एक महिला पर मुख्यमंत्री की हत्या की योजना बनाने का गंभीर आरोप लगाया गया था। पुलिस की जांच में यह ईमेल पूरी तरह भ्रामक और झूठा निकला। शनिवार को पुलिस ने प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा किया।

### आतंकी संगठन का लिया था नाम

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 14 मई को भवानीपुर थाने में एक ईमेल आया था। इसमें दावा किया गया था कि एक महिला मुख्यमंत्री की हत्या की योजना बना रही है। ईमेल में यह भी लिखा था कि वह महिला प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल कायदा से जुड़ी है और आत्मघाती हमले की तैयारी कर रही है। इसके बाद पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की।

गार्डेनरीच थाना पुलिस की मदद से ईमेल भेजने वाले की पहचान की गई। पुलिस ने आरोपी हसनम इकबाल को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि ईमेल में किया गया दावा पूरी तरह झूठा था। जिस महिला का नाम ईमेल में लिया गया था उसके साथ हसनम का व्यक्तिगत विवाद चल रहा था। इसी दुश्मनी के कारण उसने महिला को फंसाने के लिए यह खतरनाक साजिश रची थी।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी पहले भी कई राजनीतिक हस्तियों के नाम पर इस तरह के फर्जी ईमेल भेज चुका है। उसने चुनाव आयोग के कार्यालय को भी भ्रामक जानकारी वाले ईमेल भेजे थे। लालबाजार पुलिस ने चेतावनी दी है कि भविष्य में इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने साफ किया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जा रही है।

## केरल में गतिरोध खत्म: चेन्निथला को मिल सकता है गृह मंत्रालय




**तिरुवनंतपुरम।** केरल में कांग्रेस पार्टी के भीतर लंबे समय से चल रही सियासी खींचतान का अंत हो गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला मुख्यमंत्री पद के लिए चुने गए वीडी सतीशन के मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए तैयार हो गए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, रमेश चेन्निथला को महत्वपूर्ण गृह मंत्रालय सौंपे जाने की प्रबल संभावना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह एक निर्णायक शांति समझौता है जिस पर कांग्रेस आलाकमान ने मुहर लगाई है।

राज्य में शनिवार को राजनीतिक परामर्श का एक नाटकीय दौर चला, जो चेन्निथला के आवास पर सुबह जल्दी शुरू हुआ। इस दौरान चेन्निथला से वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और पार्टी की पर्यवेक्षक दीपा दासमुंशी ने मुलाकात की। इसके तुरंत बाद वीडी सतीशन खुद चेन्निथला के घर पहुंचे। इसके बाद सतीशन ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। केरल के मुख्यमंत्री पद के लिए वीडी सतीशन के नाम पर कांग्रेस आलाकमान की मुहर लगने के बाद से ही राज्य में चेन्निथला के साथ गतिरोध गहरा गया था। हालांकि, केसी वेणुगोपाल के आवास पर लगभग 45 मिनट तक चली चर्चा ने इस गतिरोध को खत्म कर दिया। सतीशन के नाम पर मुहर लगने के बाद चेन्निथला के समर्थकों में गहरी निराशा थी। चेन्निथला के साथ खींचतान का मुद्दा सुलझने के बाद कांग्रेस ने अब नई संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सरकार में मंत्रिस्तरीय पदों को अंतिम रूप देने पर ध्यान केंद्रित किया है। जिन नामों की चर्चा मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए प्रमुखता से चल रही है, उनमें थिरुवांचूर राधाकृष्णन, के. मुरलीधरन, सन्नी जोसेफ, एपी अनिल कुमार, पीसी विष्णुनाथ, एम लिजू और चांडी ओमान शामिल हैं। देर रात तक संभावित मंत्रिमंडल को लेकर चर्चाएं जारी रहीं, जिसमें वीपी सजीन्द्रन, टी सिद्दीक, अनवर सदाथ और रोजी एम जॉन जैसे नामों को बल मिल रहा है। महिला विधायकों में बिंदु कृष्ण, शानीमोल उस्मान और उमा थॉमस के नाम अभी भी दौड़ में हैं। यूडीएफ में दूसरे सबसे बड़े सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने भी कैबिनेट पदों के लिए अपनी छोटी सूची को पीके कुन्हालिकुट्टी, केएम शाजी, एन शमसुद्दीन, पारक्कल अब्दुल्ला और वीई गफूर तक सीमित कर लिया है। वेणुगोपाल ने कहा, कल दोपहर तक कैबिनेट मंत्रियों की पूरी सूची राज्यपाल को सौंप दी जाएगी।

सतीशन केरल के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में अपने 20 सदस्यीय मंत्रिमंडल के साथ सोमवार को सुबह 10 बजे सेंट्रल स्टेडियम में शपथ लेंगे। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर उन्हें पद की शपथ दिलाएंगे। एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत के रूप में सीपीआई-एम राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने कहा कि विपक्ष समारोह में भाग लेगा और इसका बहिष्कार नहीं करेगा।

### सतीशन के साथ सुलह कराने के सूत्रधार बने वेणुगोपाल

**समझौते के बाद चेन्निथला के लिए क्या बोले वेणुगोपाल?**

इस बैठक के बाद केसी वेणुगोपाल सीधे चेन्निथला के आवास की ओर जाते हुए दिखाई दिए। जो समझौते की अंतिम रूपरेखा तैयार होने का संकेत दे रहा था। बैठक समाप्त होने तक दोनों नेताओं के चेहरे पर मुस्कान नजर आई थी। वेणुगोपाल ने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी में चेन्निथला के शब्दों का महत्व है। सभी नेताओं से परामर्श, चर्चा और बहस की जाएगी। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान द्वारा नेतृत्व की कठिन लड़ाई के बाद एकता प्रदर्शित करने के प्रयासों को जिक्र किया। चेन्निथला ने भी सुलह का मार्ग चुनते हुए कहा, मैं हमेशा एक कांग्रेसी और एक सच्चा कांग्रेसी रहा हूं।

## इंस्टा वाली डर्टी स्टोरी: दोस्ती कर दी ऐसी दगा, पछतावे के सिवाए कुछ न हाथ लगा; आरोपी के फोन में थे 150 वीडियो




**नई दिल्ली।** डेटिंग एप के जरिए दोस्ती कर सेक्सटॉर्शन करने वाले एक गिरोह का शाहदरा जिला के साइबर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपी को राजस्थान के डीग स्थित उसके गांव से दबोचा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव लडामका, डीग, राजस्थान निवासी अरमान (23) के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, 11 सिम कार्ड व अन्य सामान बरामद किया है। आरोपी के पास से बरामद मोबाइल फोन में करीब 150 अश्लील वीडियो मिले हैं। इनकी मदद से आरोपी भोले-भाले लोगों को सेक्सटॉर्शन के नाम पर अपने जाल में फंसाकर वसूली कर रहा था। आरोपी से पूछताछ कर बाकी लोगों की तलाश की जा रही है।

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि 13 मई को एनसीआरपी पोर्टल के जरिए उनकी टीम को साइबर वसूली की एक शिकायत मिली थी। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने पहले डेटिंग एप के जरिए उनसे पूछताछ की। इसके बाद पीड़ित के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से वीडियो कॉल आई।

वीडियो कॉल पर आरोपियों ने पहले से रिकॉर्ड किए गए कुछ अश्लील वीडियो चलाकर पीड़ित को भी अश्लील हरकत करने के लिए उकसाया। इसके बाद पीड़ित का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया गया। बाद में इस वीडियो के आधार पर पीड़ित को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया गया। पीड़ित से कहा गया कि यदि वह रुपये नहीं देगा तो उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया जाएगा।

आरोपियों ने पीड़ित से करीब एक लाख रुपये वसूल लिए। इसके बाद भी आरोपी और रुपयों की मांग करने लगे। परेशान होकर पीड़ित ने मामले की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर की। वहां से शाहदरा जिला साइबर थाना पुलिस को शिकायत मिली। साइबर थाने में तैनात इंस्पेक्टर श्वेता शर्मा की टीम ने मामले की जांच शुरू की।

टीम ने सीडीआर के अलावा उन बैंक खातों की पड़ताल की, जिनमें रकम ट्रांसफर हुई थी। बाद में टीम आरोपी की तलाश में डीग राजस्थान पहुंच गई। वहां से आरोपी अरमान को दबोच लिया गया। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए गए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध कबूल किया है।

### इंस्टाग्राम से फंसाया जाता था शिकार

पुलिस की पूछताछ में आरोपी अरमान ने खुलासा किया है कि वह बीकॉम पास है। उसके पास कोई नौकरी नहीं थी। ऐसे में उसने साइबर ठगी का रास्ता चुना। आरोपी ने बताया कि उसके गांव व आसपास के गांवों में युवक साइबर ठगी में लिप्त हैं। वह देशभर के युवाओं को अपने जाल में फंसाकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

अरमान ने बताया कि इंस्टाग्राम पर फोटो और प्रोफाइल देखकर अपने शिकार को पहचान की जाती है। बाद में उसका नंबर जुटाने के बाद डेटिंग एप के जरिए दोस्ती का मैसेज भेजा जाता था। आरोपी खुद ही गलत प्रोफाइल के जरिए लड़की बनकर पीड़ितों से बातचीत करता था। बाद में उनके व्हाट्सएप नंबर वीडियो कॉल कर वारदात को अंजाम देता था।

आरोपी ने अपने गिरोह के साथ मिलकर देशभर के लोगों के साथ इसी तरह वसूली की है। पुलिस आरोपी के बैंक खातों की पड़ताल कर इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इन लोगों ने अब तक कितने लोगों के साथ ठगी की है।

## आंध्र प्रदेश: ज्यादा बच्चे पैदा करने पर मिलेगा पैसा! तीसरे बच्चे पर 30 हजार, चौथे पर 40 हजार देने का ऐलान





**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने आज राज्य में घटती जनसंख्या दर को रोकने के लिए बड़ा ऐलान किया। श्रीकाकुलम जिले के नरसन्नापेटा में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान नायडू ने कहा कि तीसरे बच्चे के जन्म पर परिवार को 30 हजार रुपये और चौथे बच्चे पर 40 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सरकार अगले एक महीने में इस योजना का विस्तृत खाका जारी करेगी।

मुख्यमंत्री ने यह घोषणा स्वर्णआंध्र-स्वच्छआंध्र कार्यक्रम के दौरान की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब जनसंख्या वृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेगी।

नायडू ने कहा, मैंने नया फैसला लिया है। तीसरे बच्चे के जन्म पर 30 हजार रुपये और चौथे बच्चे पर 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। क्या यह सही फैसला नहीं है?

### पहले जनसंख्या नियंत्रण की करते थे वकालत

दिलचस्प बात यह है कि चंद्रबाबू नायडू पहले जनसंख्या नियंत्रण के समर्थक माने जाते थे। लेकिन अब उन्होंने कहा कि समय बदल चुका है और समाज को जन्म दर बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना होगा।

इससे पहले सरकार दूसरे बच्चे के जन्म पर 25 हजार रुपये देने की योजना पर भी विचार कर रही थी।

5 मार्च को विधानसभा में मुख्यमंत्री ने बताया था कि राज्य सरकार दूसरे बच्चे के जन्म पर 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने पर विचार कर रही है। हालांकि बाद में स्वास्थ्य मंत्री सत्या कुमार यादव ने कहा कि सरकार अब तीसरे और उससे अधिक बच्चों वाले परिवारों को भी प्रोत्साहन देने का फैसला कर चुकी है।

**क्यों जरूरी है 2.1 की प्रजनन दर?**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी समाज की आबादी स्थिर बनाए रखने के लिए कुल प्रजनन दर 2.1 होना जरूरी है। यानी औसतन हर महिला के दो से अधिक बच्चे होने चाहिए। उन्होंने दावा किया कि कई देशों में घटती आबादी और बुजुर्ग होती जनसंख्या ने अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है।

### घटती जन्म दर पर जताई चिंता

नायडू ने कहा कि आय बढ़ने के साथ कई दंपति केवल एक बच्चा पैदा करने का फैसला कर रहे हैं। वहीं कुछ परिवार तब तक दूसरा बच्चा नहीं चाहते जब तक पहला बेटा न हो।

उन्होंने चेतावनी दी कि इन कारणों से राज्य की जनसंख्या वृद्धि दर लगातार घट रही है।

## सीएक्यूएम का फैसला: 2027 से दिल्ली में सिर्फ इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों का ही पंजीकरण



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में अगले साल से केवल इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों (एल5 श्रेणी) का ही नया पंजीकरण किया जाएगा। यह व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से लागू होगी। बढ़ते वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने यह फैसला किया है।

आयोग के निदेशों के तहत दिल्ली में एक जनवरी, 2027 से केवल इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों का ही पंजीकरण होगा। गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में यह नियम जनवरी, 2028 से लागू होगा। एनसीआर के अन्य जिलों में यह व्यवस्था जनवरी, 2029 से प्रभावी की जाएगी। ऐसे में दिल्ली सरकार समेत हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकारों को निर्देश दिए हैं कि आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। आयोग के सदस्य सचिव तरुण कुमार पिथौड़े की ओर से जारी आदेश के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से पीएम 2.5 प्रदूषण गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।

### अक्तूबर से बिना पीयूसीसी नहीं मिलेगा ईंधन

एनसीआर में प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सीएक्यूएम ने आदेश दिया है कि एक अक्तूबर से वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) के बिना किसी वाहन को दिल्ली-एनसीआर के किसी भी पेट्रोल पंप या फ्यूल स्टेशन पर ईंधन नहीं मिलेगा।

## आदित्य खटाना हत्याकांड का खुलासा, गाली-गलौज से शुरू विवाद खूनी खेल पर खत्म, आरोपी गिरफ्तार





**सहारनपुर।** सहारनपुर के गंगोह क्षेत्र के गांव इस्सापुर स्थित काबज सिंह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं महाविद्यालय में तैनात सुरक्षा कर्मी आदित्य खटाना की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने शनिवार रात मुठभेड़ के बाद आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू, तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।

### पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया आरोपी

क्षेत्राधिकारी अशोक सिसोदिया ने बताया कि पुलिस कुंडा-बिडौली मार्ग पर जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पीछा करने पर उसने पुलिस दल पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान शामली जनपद के थाना झिंझाना क्षेत्र के गांव अमलापुर निवासी आशू के रूप में हुई। आदित्य खटाना हत्याकांड के खुलासे के लिए चार विशेष पुलिस दल बनाए गए थे, जो लगातार आरोपी की तलाश कर रहे थे।

नौ मई की सुबह गांव इस्सापुर स्थित काबज सिंह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं महाविद्यालय के पास खेत में आदित्य खटाना का खून से लथपथ शव मिला था। शव पर धारदार हथियार के कई गहरे घाव पाए गए थे। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मामले में परिजनों की ओर से आरोपी आशू को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### पहले से रची थी हत्या की साजिश

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका आदित्य के पास पहले से आना-जाना था और दोनों एक-दूसरे को जानते थे। कुछ दिन पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें आदित्य ने उसे गालियां दी थीं।

आरोपी ने उसी समय बदला लेने की ठान ली थी। आठ मई की रात वह अपने घर से चाकू लेकर निकला और देर रात संस्थान पहुंच गया। उसने सामान्य बातचीत करते हुए आदित्य को बहाने से परिसर से बाहर खेतों की ओर ले गया।

वहां उसने चाकू से लगातार वार कर दिए, जिससे आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया था। पुलिस अब आरोपी के आपराधिक इतिहास और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## सोनिया गांधी वोटर लिस्ट विवाद: राऊज एवेन्यू कोर्ट में टली सुनवाई, अब 4 जुलाई को थमेगी सबकी नजरें!




**नई दिल्ली:** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी के खिलाफ दाखिल उस रिवीजन पिटीशन पर सुनवाई टल गई, जिसमें बिना भारतीय नागरिकता हासिल किए वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने का आरोप लगाया गया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 4 जुलाई को होगी।

### पिछली सुनवाई ने दिया था निर्देश

पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों को एक सप्ताह के भीतर अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसी दौरान शिकायतकर्ता के वकील विकास त्रिपाठी ने चुनाव आयोग से प्राप्त कुछ दस्तावेजों को कोर्ट रिकॉर्ड पर रखने की अनुमति मांगी थी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

### याचिकाकर्ता ने लगाया आरोप

सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की ओर से कहा गया कि फिलहाल उनकी मांग ट्रायल शुरू कराने की नहीं है बल्कि पुलिस जांच करवाने की है। उनका कहना था कि मामले में कई ऐसे सवाल हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच जरूरी है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी ने 30 अप्रैल 1983 को भारतीय नागरिकता हासिल की थी, लेकिन उनका नाम वर्ष 1980 की नई दिल्ली की मतदाता सूची में पहले से मौजूद था।

### याचिकाकर्ता ने उठाया सवाल

याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया है कि जब 1983 में नागरिकता मिली तो फिर 1980 की वोटर लिस्ट में उनका नाम किस आधार पर शामिल किया गया था। याचिका में यह भी पूछा गया है कि क्या उस समय वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने के लिए किसी फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल किया गया था।

### नाम हटाने की पूछी वजह

इसके अलावा याचिका में यह भी दावा किया गया है कि वर्ष 1982 में सोनिया गांधी का नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया था। शिकायतकर्ता ने सवाल किया है कि आखिर नाम हटाने की वजह क्या थी और इसके पीछे कौन से दस्तावेज या प्रक्रिया अपनाई गई थी। अब इस पूरे मामले पर अदालत 4 जुलाई को आगे की सुनवाई करेगी, जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

17 May -26 page 3  16-05-26  10:18 PM  Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Sanjeev Gupta
12h

1st UP Conclave 2026 में श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी ( औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन आर आई, निवेश प्रोत्साहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। माननीय मंत्री जी के नेतृत्व में वैश्य समाज के उत्थान और सम्मान के लिए, वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन की बहतरीन पहल का हृदय से स्वागत हैं।



# उठने लगा है दावेदारी का धुआं थोड़ा-थोड़ा
## खोड़ा चेयरमैनी की राह में कौन बनेगा किसका रोड़ा

**चुनावी बिसात**

**वर्तमान में इस सीट पर निर्दलीय चेयरमैन के चेयरपर्सन के रूप में मोहिनी शर्मा मौजूद है**




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा नगर पालिका चुनाव को लेकर अभी से बिसात बिछनी शुरू हो गई है। वर्तमान में इस सीट पर निर्दलीय चेयरमैन के चेयरपर्सन के रूप में मोहिनी शर्मा मौजूद है।

इस सीट पर इससे पहले भाजपा की रीना भाटी चुनाव जीती थीं। अब यहां राजनीतिक स्थितियां बदल गई हैं। भगवा खेमे में ही काफी बदलाव हुआ है। दावेदार सामने आने लगे हैं। खोड़ा में दावेदारी का धुंआ उठ रहा है और यहां खुद को टिकट का प्रबल दावेदार मान रहे हैं, उनकी राह में उनके ही दल के लोग रोड़ा बने हैं। टिकट मांगना सबका है। आज बात उन चेहरों की हो रही है जो यहां से दावेदारी में हैं। किसे टिकट मिलेगा, कौन चुनाव लड़ेगा ये संगठन तय करेगा, लेकिन दावेदारी का धंआ उठना शुरू हो गया है।

### क्या पूर्व चेयरपर्सन रीना भाटी को मिलेगा मौका



करंट क्राइम। रीना भाटी खोड़ा नगर पालिका की चेयरपर्सन रही हैं। वो यहां एक्टिव रहती है और सियासी रूप से भी वो सक्रिय रहती हैं। फेसबुक लाइव पर अक्सर आती हैं। भाजपा महानगर कार्यकारिणी टीम का चेहरा हैं। वो यहां से दावेदारी में हैं। अब देखना यही है कि क्या भाजपा फिर से रीना भाटी को कोई मौका देती है।

### योगेश भाटी की दावेदारी का जोर



करंट क्राइम। योगेश भाटी खोड़ा नगर पालिका की राजनीति का जाना पहचाना चेहरा हैं। वो पूर्व चेयरपर्सन रीना भाटी के देवर हैं। पूरे कार्यकाल में वो साथ रहे हैं, लेकिन ये कहा जाता है कि अब राहें अलग हो चुकी हैं और अपनी-अपनी दावेदारी वाला सीन है। योगेश भाटी यहां राजनीतिक रूप से सक्रिय रहते हैं। क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थिति से अपडेट हैं। सवाल यही है कि क्या भाजपा उन्हें चुनाव लड़ने का मौका देगी।

### पप्पू पहलवान की एंट्री का घमासान



करंट क्राइम। खोड़ा की राजनीति में पप्पू पहलवान की एंट्री के बाद घमासान मच गया है। पप्पू पहलवान राजनीति का पुराना और वजनदार चेहरा हैं। गुर्जर राजनीति से लेकर नदिया पार की राजनीतिक तक अपना एक मुकाम रखते हैं। भाजपा के महानगर महामंत्री रहे हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा के करीबी माने जाते हैं। इन दिनों पहलवान की लोकेशन खोड़ा की है और इस लोकेशन का कनेक्शन नगर पालिका वाले इलेक्शन से जोड़कर देखा जा रहा है। बीते दिनों वो खोड़ा के एक कार्यक्रम में नजर आए। सांसद अतुल गर्ग जब खोड़ा पहुंचे तो वहां उन्हें कंपनी देने के लिये पप्पू पहलवान ही साथ-साथ रहे। पप्पू हलवान की एंट्री का सियासी घमासान है। अगर सीट ओबीसी हो जाती है तो इस नाम की संभावना बनती है। सीट के गणित को देखें तो महिला सीट के बाद अब ओबीसी का समीकरण बन रहा है। फिलहाल सब भविष्य के गर्भ है।

### कालू यादव की दावेदारी में है कितना दम



करंट क्राइम। कालू यादव जिला पंचायत सदस्य रहे हैं। राजनीतिक रूप से यहां जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्हें भाजपा का जनरली कृपा प्राप्त चेहरा कहा जाता है। भाजपा के हर चुनाव में वो सक्रिय रहते हैं, ताकत लगाते हैं। खोड़ा नगर पालिका अध्यक्ष की दावेदारी में ये नाम है। कितनी सफलता मिलती है ये समय बताएगा।

### देवेंद्र यादव का चल रहा है नाम



करंट क्राइम। खोड़ा नगर पालिका के सक्रिय चेहरो की बात करें तो यहां देवेंद्र यादव का भी नाम आता है। देवेंद्र यादव शिक्षाविद हैं और सामाजिक तथा धार्मिक गतिविधियों में हमेशा आगे रहते हैं। भाजपा के कार्यकर्ता हैं। एक प्रतिष्ठित नाम हैं और राजनीतिक रूप से हमेशा एक्टिव मोड में मिलते हैं। ये नाम खोड़ा चेयरपर्सन वाली दावेदारी का नाम है। इस नाम का भी चर्चा बताया जाता है।

# भाजपा पार्षद की किस बात का ऑडियो हो गया लीक
## ठेकेदार ने पार्षद के कट्टर विरोधी से कहा, आप बताओ क्या ये बात है ठीक

**ऑडियो लीक**

**थोड़ी देर की बातचीत का ये ऑडियो कट्टर विरोधी स्तर से ही वायरल करना माना जा रहा है**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आजकल रिकॉर्डिंग हो जाना ऑडियो वायरल हो जाना नयी राजनीति का नया चलन है। एक भाजपा महिला पार्षद के ऑडियो का किस्सा भाजपा में गूंज रहा है। हालाकि ओडियामें भाजपा की महिला पार्षद खुद कोई बात नहीं कर रही हैं लेकिन उनको लेकर निगम का ठेकेदार बात कर रहा है।

उनको लेकर एक ऐसा नेता बात कर रहा है जो वार्ड में भाजपा पार्षद का कटटर विरोधी कहा जाता है। बताते हैं कि इस औडियो में पार्षद का कटटर विरोधी नेता ठेकेदार से बात कर रहा है। वो किसी निर्माण को लेकर ठेकेदार से पूछता है और ठेकेदार इस बातचीत में पार्षद का नाम लेते हैं और कहते हैं कि उनका फोन आया था, इसलिए ये काम रूकवाया गया है। ठेकेदार आगे कहते हैं कि पार्षद जी ने कहा है कि काम रूकवा दो काम नहीं होगा। इस पर पार्षद का विरोधी नेता ठेकेदार से पूछता है कि काम क्यों रूकेगा, जनता का काम है।

इस बातचीत में ठेकेदार ने एक और नाम लिया है और फिर वो ये कहते हैं कि आप ही बताओ भाईसाहब ये बात क्या ठीक है। बहरहाल थोड़ी देर की बातचीत का ये औडियो कटटर विरोधी स्तर से ही वायरल करना माना जा रहा है।

काम को रूकवाने की बात है, काम को करवाने की बात है। फिलहाल महिला पार्षद का ये ओडियो वाला वायरल चर्चा में है।

# नदियापार में आधा बस स्टैंड उखड़ गया और आधे बस स्टैंड को ले गये चोर
## भाजपा की पर्व महिला पार्षद लगा रही हैं इस पूरे मामले के खुलासे के लिए जोर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा की सरकार और भाजपा जनप्रतिनिधि का विकास जीरो टॉलरेंस वाली सरकार में चोरो ने सरकार का बस स्टैण्ड ही उखाड़ दिया। आधा बस स्टैण्ड चोरी हो गया और आधा वहीं पड़ा है। पूर्व महिला पार्षद ने इस पूरे मामले के खुलासे के लिए पत्र लिखा है। बताते हैं कि इंदिरापुरम के अभयखंड ईलाके में एक बस स्टैण्ड बनाया गया था। बस के रूकने, सवारियों के चढ़ने उतरने के लिए ये बस स्टैण्ड बना था। बस का तो पता नहीं कि वो आयी या नहीं आयी लेकिन चोर जरूर आ गये। बताते हैं कि पहले ये बस स्टैण्ड उखड़ गया। और आधा बस स्टैण्ड चोरी हो गया है और आधा बस स्टैण्ड ढांचे की शक्ल में बचा है। बस स्टैण्ड को कौन चुरा कर ले गया पतानहीं है। वहीं बताते हैं कि किस्से में एक दुकान भी है। बस स्टैण्ड दुकान के सामने आ गया या दुकान बस स्टैण्ड के सामने आ गयी पता चला कि दोनों ही आमने सामने आ गये और दुकान मजबूत थी , स्टैण्ड कमजोर था तो उखड़ गया। अब इस परे मामले में भाजपा की पूर्व महिला पार्षद मीना भंडारी ने शिकायत दर्ज करायी है। उनका कहना है कि यह सरकारी सम्पत्ति का नुकसान है। इसकी जांच होनी चाहिए और सरकारी सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

# जब साहब समझा रहे थे बात तो क्यों हो गयी दो पार्षदों में हॉट टॉक
## साहब ने कहा अगर दोनों इस तरह से लड़ोगे तो आपको जाना पड़ेगा सदन के बाहर

**हंसी-हंसी में...**

**हंसकर कही गयी बात का पेंच इतना फंस गया कि नगरायुक्त को हस्तक्षेप करना पड़ा**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसकी चल रही है किसकी नहीं चल रही है ये बाद की बात है लेकिन सदन में शब्दों की गरीमा रहे, आचरण की गरीमा रहे इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। निगम कार्यकारिणी बैठक में ऐसा ही हुआ जब दो पार्षद किसी बात को लेकर उलझ रहे थे। नौबत ये आयी कि साहब को ही अनुशासन का पाठ पढाना पड़ा। जब कार्यकारिणी की बैठक चल रही थी तो इस दौरान नगरायुक्त ने नगर निगम मुख्यालय की नयी ईमारत और उसकी जमीन का जिक्र किया।

वो बता रहे थे कि यह बीस हजार गज जमीन है और वो मैप पर इसे स्क्रीन के जरिये समझा रहे थे। इसी बीच लाईनपार क्षेत्र के एक पार्षद उठे और उन्होंने इस जमीन का गांव पूछ लिया। वो जानना चाहते थे कि कौन से गांव की जमीन पर ये ईमारत बन रही है। यहां पर भाजपा के ही दूसरे पार्षद ने हंसते हुए कुछ पूछ लिया।

अब यहां तकरार का विषय हंसी बन गयी। लाईनपार वाले पार्षद ने कहा कि तुम किस बात पर हंसे हो और क्यों हंसे हो, तुम हंसे ही क्यों। इसी बात को लेकर दोनों पार्षदों के बीच धीरे धीरे हॉट टॉक शुरू हो गयी। शब्दों का लहजा कठोर हो गया और हंसकर कही गयी बात का पेंच इतना फंस गया कि नगरायुक्त को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगर आप दोनों माननीय पार्षद इसी तरह से लड़ोगे तो आपको जाना पड़ेगा सदन के बाहर। इतना सुनते ही लाईनपार वाले को तैश आ गया। एक तो वो पहले ही भाजपा पार्षद के हंसने से आहत थे और दूसरा और बाहर निकाले जाने की बात से आहत हो गये। उन्होंने कहा कि कोई मुझे क्या निकालेगा मैं खुद ही सदन से बाहर चला जाता हूं। यहां पर नगरायुक्त ने लाईनपार वाले पार्षद को भी समझाया और कहा कि यह बात किसी एक व्यक्ति विशेष के लिए नहीं अपितू आप दोनों के लिए कही जा रही है। यह बात व्यक्तियों से नहीं बल्कि व्यवस्था से जुड़ी है। इसके बाद कार्यकारिणी की महिला पार्षद ने भी लाईनपार के पार्षद को समझाया । तब जाकर हंसी से शुरू हुआ ये जुबानी जंग का किस्सा काबू में आया।

**दैनिक करंट क्राइम की खबर के बाद आ गयी लम्बित काम में गति**

# भोपुरा गांव में शुरू हुआ दो साल बाद ओपन जिम ट्रैक का काम





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 20 भोपुरा गांव में ओपन जिम के ट्रैक निर्माण का काम दो साल बाद आखिरकार शुरू हो गया। दैनिक करंट क्राइम अखबार में इस मुदे को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, जिसके बाद प्रशासन ने कार्य को गति दी।

क्षेत्रीय पार्षद यशपाल पहलवान ने बताया कि गांव के अंदर बुजुर्गों, माताओं और बहनों के लिए स्वास्थ्य संबंधी कोई सुविधा पिछले 20 साल से नहीं थी। उन्होंने कहा कि ओपन जिम और ट्रैक बनने से अब लोगों को नियमित व्यायाम और स्वास्थ्य लाभ का अवसर मिलेगा। पार्षद ने कहा कि लंबे समय से ग्रामीणों की मांग थी कि गांव में स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि अब इस काम की शुरूआत हो गई है और जल्द ही इसे पूरा कर जनता को समर्पित किया जाएगा। ओपन जिम ट्रैक का काम शुरू होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए पार्षद यशपाल पहलवान का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे गांव के बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष लाभ मिलेगा और युवा भी फिटनेस की ओर प्रेरित होंगे।

विक्रम कसाना अनिल चौधरी अशोक कसाना ने कहा कि इस सुविधा से गांव में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोग नशे व नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएंगे।

# महानगर अध्यक्ष ने चलाया नया ट्रेंड और घोषित की सोशल मीडिया वाली टीम
## फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम तक बनायी गयी है पूरी थीम

**महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सोशल मीडिया के एक्सपर्ट माने जाते हैं। उन्होंने 24 सदस्यों की टीम बनायी है।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने सोशल मीडिया और आईटी समन्वय टीम के साथ एक नयी टीम की शुरूआत की।

आजकल सोशल मीडिया का युग है और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल खुद सोशल मीडिया के एक्सपर्ट माने जाते हैं। उन्होंने 24 सदस्यों की टीम बनायी है। इन सभी को सोशल मीडिया से जुड़े दायित्व दिये गये हैं। फेसबुक,इंस्टाग्राम से लेकर व्हाटसअप के भी प्रभार दिये गये हैं। इस टीम को अलग अलग विधानसभाओं में लगाया गया है। सोशल मीडिया की ये टीम मंडलों में भी काम कर रही है। इस टीम में कई नाम लिये गये हैं और इनमें कई पहले से पदाधिकारी हैं। और जिनको भी ये सोशल मीडिया का काम दिया है वो सभी इस काम के एक्सपर्ट माने जाते हैं।

# नगर आयुक्त के नेतृत्व में शुरू हुआ उत्तरांचल भवन सदस्यता अभियान
## पहले दिन 55 लोग बने सदस्य, उत्तराखंड समाज ने जताया उत्साह







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नंदग्राम स्थित उत्तरांचल भवन का निर्माण भव्य एवं आधुनिक सुविधाओं के साथ कराया गया है। शनिवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में उत्तरांचल भवन की सदस्यता एवं बुकिंग प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया, जिसमें उत्तराखंड समाज के लगभग 200 लोग एवं विभिन्न समितियों के सदस्य शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान पहले ही दिन 55 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तरांचल भवन को शहर हित और समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से सदस्य बनने की अपील भी की।

### वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने सबसे वरिष्ठ पुरुष एवं महिला सदस्य को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। उत्तराखंड समाज के लोगों ने भी नगर आयुक्त को पुष्पगुच्छ भेंट कर उत्तरांचल भवन को शहर को समर्पित करने के लिए धन्यवाद दिया। नगर निगम के अनुसार उत्तराखंड समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कला संबंधी कार्यक्रमों के लिए भवन निशुल्क उपलब्ध रहेगा। वहीं जन्मदिन, सालगिरह, शादी-विवाह, रिंग सेरेमनी एवं अन्य निजी कार्यक्रमों के लिए 11 हजार रुपये प्रतिदिन शुल्क निर्धारित किया गया है।

### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है भवन

करंट क्राइम। उत्तरांचल भवन में विशाल हॉल, पोर्च एरिया, डाइनिंग लाउंज, वीआईपी लाउंज, चार कमरे, लॉन्ड्री, स्टोर रूम, पार्किंग तथा बड़ा गार्डन एरिया बनाया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि सदस्य बनने के बाद कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और सभी सुझावों के आधार पर भवन के संचालन को और बेहतर किया जाएगा।

# नामित पार्षदों के लिए एक करोड़ पास कहां खर्चा करेंगे तस्वीर नहीं है साफ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नामित पार्षद भी विकास करा सकते हैं। नगर निगम कार्यकारिणी बैठक मे नामित पार्षदों के लिए भी विकास काकोटा रखा गया है। नामित पार्षदों के लिए एक करोड़ का कोटा रखा गया है। वो एक करोड़ की निधी से विकास करा सकते हैं। वो किस वार्ड में अपनी निधि लगा सकते हैं, और किस किस मद मे लगा सकते हैं ये अभी पूरी तरह से बताया जायेगा। बहरहाल नामित पार्षदों के लिए विकास निधि तय हो जाने के बाद उनमें हर्ष का माहौल है। नामित पार्षदों के विकास के कोटे को निगम निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीन चौधरी ने जोर लगाये । उसके बाद ये प्रस्ताव सदन में रखा गया। इस प्रस्ताव के आ जाने के बाद नामित पार्षदों में खुशी की लहर है। नामित पार्षद क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रयासरत हैं, वो चाहते हैं कि उनके भी नाम का विकास पत्थर लगे। वो भी अन्य पार्षदों की तरह विकास करायें। बहरहाल अब एक एक करोड़ के कोटे का प्रस्ताव आ गया है। मेयर ने इस निर्णय पर हरी झंडी दिखाकर नामित पार्षदों का मन खुश कर दिया।

## संपादकीय

# सोने पर बढ़ा शुल्क

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में ईंधन और सोने की खपत कम करने की अपील के बाद सरकार ने कई कदम उठाए हैं। एक ओर जहां सरकार कई स्तरों पर ईंधन खपत कम करने का प्रयास कर रही है वहीं केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बुधवार को सोने और चांदी पर प्रभावी आयात शुल्क को 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया। चूंकि कच्चे तेल के बाद सोना आयात बास्केट में दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा रखता है इसलिए उम्मीद है कि उच्च शुल्क के कारण देश के लोग सोना खरीदने को लेकर हतोत्साहित होंगे और बाहरी संतुलन में सुधार लाने में मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 26 में 72 अरब डॉलर मूल्य का सोना आयात किया गया और आयात बिल वित्त वर्ष 23 से अब तक दोगुना हो चुका है। ऐसे में इसमें तो कोई दोराय है ही नहीं कि सोने का आयात बाहरी खाते पर बोझ डालता है और मुश्किल वक्त में उसका असर होता है। हालांकि, शुल्क वृद्धि शायद वांछित असर न डाल सके।

भारत दुनिया में सोने की सबसे अधिक खपत करने वाले देशों में से एक है और इसका अधिकांश हिस्सा आयात किया जाता है। हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और धार्मिक कारक इस मांग को बढ़ाते हैं। शुल्क वृद्धि के कारण इसमें कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। चांदी का भी देश में महत्त्वपूर्ण औद्योगिक उपयोग है और अधिक शुल्क अंतिम तौर पर तैयार वस्तुओं की कीमतें बढ़ा देगा। सोने को भंडारण मूल्य और मुद्रास्फीति के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में देखा जाता है और इसकी विशुद्ध आर्थिक वजहें हैं। नकदी की अधिक समस्या न होने के कारण गरीब परिवार भी कुछ बचत सोने में रखना पसंद करते हैं जिसे कठिन समय में उपयोग में लाया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि निवेश के उद्देश्य से सोने की मांग समय के साथ काफी बढ़ी है। उदाहरण के लिए वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड की मांग 2025 की पहली तिमाही के लगभग 7 टन से बढ़कर 2026 की पहली तिमाही में लगभग 20 टन हो गई। यह मांग कुछ हद तक कम हो सकती है क्योंकि उम्मीद है कि शुल्क वृद्धि परिस्थितियों के सुधरने पर वापस ली जा सकती है, जिससे होल्डिंग्स का मूल्य घट जाएगा। यह देखना होगा कि अन्य मांग कारक कैसे व्यवहार करते हैं।

उल्लेखनीय है कि सोने की अंतरराष्ट्रीय कीमतें वित्त वर्ष 2026 में लगभग 50 फीसदी बढ़ीं। यद्यपि भौतिक मांग पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5 फीसदी घट गई, लेकिन इस पर खर्च 24 फीसदी से अधिक बढ़ गया। इस प्रकार, भारत के लिए शुल्क वृद्धि की तुलना में अंतरराष्ट्रीय मूल्य में उतार-चढ़ाव अधिक महत्त्वपूर्ण होगा। इसके अलावा, अन्य जटिलताएं भी हैं। अधिक शुल्क तस्करी को प्रोत्साहित करता है। राजस्व खुफिया निदेशालय के मुताबिक जुलाई 2024 में सरकार द्वारा शुल्क घटाने के बाद 2024-25 में सोने की जब्ती में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई थी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में तेजी से बर्फ में बदल जाता है।
- एक इंसान सुबह की तुलना में शाम को एक प्रतिशत 1% छोटा हो जाता है।
- इंसान सबसे तेज फैसला तब लेता है जब वो वीडियो गेम खेल रहा होता है।
- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग४ळ४ी पर बहुत सारे वीडियो उपलब्ध है और अगर आप उन सारे विडियोज को देखना चाहते हो तो आपको एक हजार साल से भी ज्यादा वक्त लगेगा।
- मानव गर्भ रोधक गोलिया इंसान के अलावा गोरिल्ला पर भी काम करती है।
- जरूरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- आपको जानकर हैरानी होगी कि ट्विटर पर हर दिन लिखे गए शब्द 10 मिलियन पेज की एक बुक भर सकते है।
- शायद आप यह नहीं जानते होंगे कि, एक इंसान सुबह की तुलना में शाम को 1% से छोटा हो जाता है।

## राशिफल

**मेष:** कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन भी कष्टमय हो सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृष:** मानसिक शान्ति रहेगी। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है।

**मिथुन:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में कठिनाईयां आ सकती हैं। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी हो सकता है। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**सिंह:** वाणी में मधुरता रहेगी। कारोबार में सुधार होगा। आय में बढ़ोरती के योग बन रहे हैं। कुटुम्ब-परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु बातचीत में संयत रहें। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला:** आत्मविश्वास तो भरपूर हो सकता है, परन्तु मन परेशान हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**धनु:** मन अशान्त रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार का विस्तार हो सकता है। पिता का सहयोग मिल सकता है।

**मकर:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के साथ वृद्धि के योग बन रहे हैं। मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**कुंभ:** नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**मीन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 'एआई बना कारोबार का आधार' भारत बनेगा नया ग्लोबल हब : चंद्रशेखरन

**वार्षिक रिपोर्ट**

**जेनरेटिव और एजेंटिक एआई अब विकास के नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं**

**चंद्रशेखरन ने बताया कि टीसीएस ने अपने ह्यूमन+एआई परेटिंग मॉडल के विस्तार में बड़ी सफलता हासिल की है**



**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब व्यवसायों के लिए सिर्फ एक अतिरिक्त तकनीकी परत नहीं रह गया है, बल्कि यह तेजी से वैश्विक उद्यमों के लिए बुनियादी ढांचा बनता जा रहा है। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कंपनी की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में यह बात कही है। एआई के दम पर शानदार वित्तीय नतीजे और नई भर्तियों में वापसी इस बात का संकेत है कि आईटी सेक्टर में बदलाव का दौर शुरू हो चुका है।

**एआई और नई तकनीक से बंपर कमाई :** चंद्रशेखरन ने बताया कि टीसीएस ने अपने ह्यूमन+एआई परेटिंग मॉडल के विस्तार में बड़ी सफलता हासिल की है। इस मॉडल के तहत कंपनी ने एआई सेवाओं से 2.3 अरब डॉलर और नई पीढ़ी की सेवाओं (जिसमें क्लाउड, डेटा और साइबर सुरक्षा शामिल हैं) से 11.5 अरब डॉलर का सालाना राजस्व हासिल किया है। चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि जेनरेटिव और एजेंटिक एआई अब विकास के नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं; ग्राहक अब इसके छोटे प्रयोगों (पायलट प्रोजेक्ट्स) से आगे बढ़कर इसे अपने मुख्य कामकाज का स्थायी हिस्सा बना रहे हैं।

**भारत बनेगा एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का '+1' डेस्टिनेशन :** भविष्य की रणनीति पर जोर देते हुए टीसीएस एक सुरक्षित और संप्रभु एआई ढांचा स्थापित करने जा रही है।

# भारत में बेरोजगारी दर छह माह के उच्च स्तर पर: अप्रैल में 5.2 फीसदी तक पहुंची

**सर्वे**

**देशभर में यह सर्वे 3,74,243 लोगों से जुटाई गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है**




**नई दिल्ली।** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर अप्रैल में बढ़कर 5.2 फीसदी हो गई। यह पिछले छह महीनों का उच्चतम स्तर है। मार्च में यह दर 5.1 फीसदी थी। इससे पहले अक्तूबर, 2025 में बेरोजगारी दर 5.2 फीसदी दर्ज की गई थी।

केंद्र सरकार के सर्वे में 3.74 लाख+ लोग शामिल : सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मार्च के 6.8 फीसदी से घटकर अप्रैल में 6.6 फीसदी रह गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.3 फीसदी से बढ़कर 4.6 फीसदी हो गई। देशभर में यह सर्वे 3,74,243 लोगों से जुटाई गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है।

**महिलाओं की बेरोजगारी :** पुरुषों में बेरोजगारी अप्रैल में 5.1 फीसदी रही, जो मार्च में 5 फीसदी थी। ग्रामीण पुरुष बेरोजगारी दर 4.4 फीसदी से बढ़कर 4.7 फीसदी हो गई, जबकि शहरों में यह 6.1 फीसदी से घटकर 5.9 फीसदी पर आ गई। महिलाओं की बेरोजगारी मार्च के 5.3 फीसदी से बढ़कर 5.4 फीसदी हो गई।

**डब्ल्यूपीआर यानी कार्यरत आबादी का अनुपात :** ग्रामीण महिलाओं की बेरोजगारी बढ़कर 4.4 फीसदी हो गई, जबकि शहरी महिला बेरोजगारी दर घटकर 8.5 फीसदी रही।

# सरकार ने पेट्रोल के निर्यात पर लगाया विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क




**अहम फैसला**

**यह कड़ा फैसला 16 मई से पूरे देश में लागू कर दिया गया है**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ईंधन के निर्यात को लेकर एक बहुत ही अहम और बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने देश से बाहर भेजे जाने वाले यानी निर्यात होने वाले पेट्रोल पर अप्रत्याशित लाभ कर यानी विंडफॉल टैक्स लगा दिया है। वहीं दूसरी तरफ, डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) के निर्यात शुल्क में भारी कटौती करके कंपनियों को राहत दी है। यह कड़ा फैसला 16 मई से पूरे देश में लागू कर दिया गया है।

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, अब पेट्रोल के निर्यात पर तीन रुपये प्रति लीटर का विंडफॉल टैक्स देना होगा। हालांकि, सरकार ने डीजल के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को 23 रुपये से घटाकर 16.5 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ (विमान ईंधन) पर 33 रुपये से घटाकर 16 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। सरकार ने यह भी साफ किया है कि पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर सड़क और बुनियादी ढांचा उपकर अब शून्य रहेगा। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि देश के अंदर बिकने वाले पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले कर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका सीधा मतलब है कि आम जनता के लिए देश में ईंधन के दाम नहीं बढ़ेंगे।

पश्चिम एशिया में चल रहे गहरे संकट की शुरूआत के बाद यह पहली बार है जब पेट्रोल पर तीन रुपये प्रति लीटर का विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाया गया है। इस कदम का मुख्य मकसद अमेरिका-इस्राइल और ईरान युद्ध के बीच घरेलू बाजार में तेल की कमी को रोकना है। दरअसल, युद्ध शुरू होने के बाद से ही दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें बहुत तेजी से बढ़ी हैं।

# टाटा ट्रस्ट्स की बैठक स्थगित: एमएससीसी ने कहा- शिकायत में गंभीर मुद्दे

## कंपनी बोली- चैरिटी आयुक्त का आदेश एकतरफा

**बैठक स्थगित**

**पहले 8 मई को होनी थी बैठक, अब एमएससीसी ने जांच के आदेश दिए**




**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र राज्य चैरिटी आयुक्त ने टाटा ट्रस्ट्स को 16 मई को होने वाली बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की महत्वपूर्ण बैठक स्थगित करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश सर रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड संरचना से संबंधित कथित नियमों के उल्लंघन की लंबित जांच के कारण दिया गया है। टाटा ट्रस्ट्स ने इस निर्देश को एकतरफा बताया है।

चैरिटी आयुक्त ने ट्रस्ट को जांच पूरी होने तक ऐसी कोई भी बैठक न करने को कहा है। टाटा ट्रस्ट्स के पास टाटा संस का 66 फीसदी हिस्सा है। यह बैठक टाटा संस की लिस्टिंग और अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन की नियुक्ति जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण थी। 8 मई को होनी थी, जिसे 16 मई के लिए स्थगित किया गया था। टाटा ट्रस्ट्स ने कहा कि यह निर्देश केवल सर रतन टाटा ट्रस्ट से संबंधित है और बिना किसी सूचना या सुनवाई के जारी किया गया था। महाराष्ट्र राज्य, मुंबई के चैरिटी आयुक्त अमोघ एस कालोटी ने जांच का आदेश दिया है।

**नियमों के उल्लंघन की शिकायत :** चैरिटी आयुक्त ने महाराष्ट्र पब्लिक ट्रस्ट्स अधिनियम की धारा 36ए(1) के तहत निर्देश जारी किया है। अधिवक्ता कात्यायनी अग्रवाल ने 18 अप्रैल, 2026 को ईमेल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने धारा 30ए(2) के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। टाटा ट्रस्ट्स के उपाध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन ने भी चैरिटी आयुक्त को एक प्रतिवेदन दिया था।

**ट्रस्टी संरचना पर विवाद :** गौरतलब है कि सितंबर 2025 में संशोधित धारा के अनुसार, आजीवन ट्रस्टियों की संख्या कुल बोर्ड सदस्यों के 25 फीसदी से अधिक नहीं हो सकती।

सर रतन टाटा ट्रस्ट में छह ट्रस्टियों में से तीन आजीवन ट्रस्टी हैं।

# अगले सप्ताह शेयरों का बंटवारा करने जा रही है गौतम एक्सिम

**काम की खबर**

**निवेशकों के लिए 22 मई की तारीख बेहद अहम**




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में निवेश करने वाले लोगों के लिए काम की खबर है। अगले हफ्ते एक कंपनी अपने शेयरों का बंटवारा करने जा रही है, जिसे बाजार की भाषा में स्टॉक स्प्लिटकहा जाता है। अगर आप भी शेयर बाजार में कम कीमत वाले शेयरों पर नजर रखते हैं या इस कंपनी के निवेशक हैं, तो आपके लिए इस बड़े बदलाव और इसकी तारीखों को जानना बेहद जरूरी है। इस बार यह कदम गौतम एक्सिम लिमिटेड नाम की कंपनी उठाने जा रही है।

इस प्रक्रिया के तहत कंपनी अपने मौजूदा शेयरों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांट देगी। बाजार के जानकारों का मानना है कि कंपनियां अक्सर ऐसा तब करती हैं, जब उनके शेयर की कीमत काफी ज्यादा हो जाती है और छोटे निवेशकों के लिए उसे खरीदना मुश्किल होने लगता है। शेयरों का बंटवारा होने से बाजार में लिक्विडिटी यानी शेयरों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे छोटे और नए निवेशक भी इसमें आसानी से पैसा लगा पाते हैं।

गौतम एक्सिम लिमिटेड का शेयर बाजार में सिक्योरिटी कोड 540613 है और इसे बाजार में संक्षेप में ह्यत्र्र्रछ्ल के नाम से भी जाना जाता है। कंपनी ने जो आधिकारिक जानकारी दी है, उसके मुताबिक वह अपने शेयरों को 1:2 के अनुपात में बांटने जा रही है। इसका सीधा मतलब यह है कि कंपनी के जिस शेयर की मौजूदा फेस वैल्यू (मूल्य) 10 रुपये है, उसे घटाकर 5 रुपये प्रति शेयर कर दिया जाएगा। इस तरह जिन निवेशकों के पास कंपनी का पहले से एक शेयर मौजूद है।

## चुटकुले

मंटू और चंटू दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे।
अध्यापिका - तुम दोनों ने अपने पापा का नाम अलग-अलग क्यों लिखा?
मंटू- मैडम फिर आप कहोगे नकल मारी है, इसीलिए

---

एक ऑटो वाले की शादी हो रही थी
जब उसकी दुल्हन फेरों के वक्त उसके पास बैठी तो वह बोला,
थोड़ा पास होकर बैठो, अभी एक और बैठ सकती है
फिर क्या था मण्डप में दे चप्पल दे चप्पल!

---

एक साहब महिला से कहने लगे- माफ कीजिए मैं कुछ देर आपसे बातें करना चाहता हूं.
महिला - इससे आपका क्या फायदा होगा?
साहब - दरअसल, मेरी पत्नी खो गई है,
वह मुझे आपसे बातें करते हुए देखेगी तो गोली की तरह यहां पहुंच जाएगी।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 17 05 2026 करंट क्राइम

## आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com





# आकाश सिंह ने अनोखे अंदाज में मनाया जश्न

## विकेट लेने के बाद दिखाया कागज का टुकड़ा

## बोले- जश्न मनाने से मिलती है प्रेरणा

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज आकाश सिंह सीएसके के खिलाफ अपने अनोखे जश्न के लिए सुर्खियों में हैं। उन्होंने हर बार विकेट लेने के बाद कागज का टुकड़ा निकालकर जश्न मनाया। अब आकाश ने इसके पीछे का कारण बताया है।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज आकाश सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। लेकिन आकाश के प्रदर्शन से ज्यादा विकेट लेने के बाद उनके जश्न मनाने के तरीके ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अब आकाश ने बताया है कि क्यों उन्होंने इस तरह जश्न मनाया था।

विकेट लेने के बाद दिखाया कागज का टुकड़ा

आकाश मौजूदा आईपीएल सीजन में पहली बार लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए खेलने उतरे थे।



### कप्तान पंत को सराहा

आकाश ने कहा, इस साल हमारे साथ भरत अरुण सर हैं, पिछले साल जहीर सर थे। टॉम मूडी भी हैं। जिस तरह से वह हमारा मार्गदर्शन करते हैं, हमें किसी भी स्थिति से निपटने और मौका मिलने पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार रखते हैं, वह बहुत मायने रखता है। प्रत्येक खिलाड़ी मौके का पूरा फायदा उठाना चाहता है। कप्तान का समर्थन भी काफी मायने रखता है और ऋषभ भैया बहुत आत्मविश्वास बढ़ाते हैं जिससे बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलती है।

---------

इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने राजस्थान रॉयल्स के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरूआत की थी और वह 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स की खिताब जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। इसके बाद वह लखनऊ से जुड़ गए।

विकेट लेने के बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने कागज का टुकड़ा निकाला, जिस पर लिखा था, 'अक्की आग लगा रहा है। आकाश जानता है कि टी20 क्रिकेट में विकेट कैसे लिए जाते हैं।'

इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने राजस्थान रॉयल्स के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरूआत की थी और वह 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स की खिताब जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। इसके बाद वह लखनऊ से जुड़ गए।

### आकाश बोले- जश्न मनाने से मिलती है प्रेरणा

आकाश का कहना है कि वह खुद को प्रेरित करने और बल्लेबाजों पर दबदबा कायम रखने के उद्देश्य से इस तरह का जश्न मनाते हैं। आकाश से जब पूछा गया कि उन्होंने कागज के टुकड़े पर क्या लिखा था, उन्होंने कहा, 'अक्की को टी20 क्रिकेट में विकेट लेना आता है। ऐसा है ना।' आकाश ने बताया कि इससे उन्हें प्रेरणा मिलती है और यह बल्लेबाजों पर हावी होने और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है।


उन्होंने कहा, विभिन्न लोगों के लिए अलग-अलग चीज प्रेरणा का काम करती हैं। कभी मैं कागज का टुकड़ा दिखाता हूं तो कभी नहीं। इससे मेरी उस दिन की मानसिकता का पता चलता है। जब आप अपने साथ कुछ लिखा हुआ कागज रखते हैं तो अपने लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश करते हैं। मैं दो साल से लखनऊ के साथ हूं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही है कि मुझे कोच का पूरा समर्थन मिला है, भले ही मुझे अंतिम एकादश में जगह नहीं मिले।

# फीफा विश्वकप में नहीं दिखेंगे इस बार कई बड़े नाम: कुछ क्वालिफाई करने से चूके

- लगातार तीसरी बार विश्व कप का हिस्सा नहीं होगी इटली
- इटली लगातार तीसरा विश्व कप नहीं खेलेगी।
- इटली के अलावा अफ्रीका से भी दो बड़े नाम गायब हैं।
- इनमें पांच बार की एफ्कॉन चैंपियन कैमरून और नाइजीरिया शामिल हैं। इनके स्टार भी विश्व कप में नहीं दिखेंगे।
- साथ ही फ्रांस और हंगरी के भी कुछ स्टार खिलाड़ी नहीं दिखाई देंगे।

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप को शुरू होने में अब एक महीने से भी कम का समय शेष रह गया है। सभी टीमों ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी है, लेकिन इस बार कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो इस टूनार्मेंट का हिस्सा नहीं बन सकेंगे।

फीफा विश्वकप 2026 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। इस बार फुटबॉल प्रेमियों को उनके कई चहेते खिलाड़ी और टीमें इस महाकुंभमें खेलती नजर नहीं आएंगे। इन खिलाड़ियों में पोलैंड के रॉबर्ट लेवांडोवस्की से लेकर ब्राजील के रोड्रियागो जैसे बड़े नाम हैं। कुछ खिलाड़ियों को चोट या फॉर्म की वजह से टीम में जगह नहीं दी गई है, तो कुछ की राष्ट्रीय टीम जैसे पोलैंड और चार बार की चैंपियन इटली क्वालिफाई ही नहीं कर पाई हैं।



**अगले महीने शुरू होगा फीफा विश्व कप:** फीफा विश्व कप 2026 11 जून से 19 जुलाई 2026 तक खेला जाएगा। यह पहला विश्व कप है जो तीन देशों कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित किया जा रहा है। इस बार कुल 48 टीमें भाग लेंगी, जो पिछले संस्करणों से ज्यादा है। टूनार्मेंट में कुल 104 मैच खेले जाएंगे। ग्रुप स्टेज में 12 ग्रुप बनाए गए हैं, प्रत्येक ग्रुप में चार टीमें हैं।

**एमबापे की अगुआई में फ्रांस की विश्व कप टीम घोषित:** फ्रांस ने फुटबाल विश्वकप के लिए अपनी 26 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है, जिसमें स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे की अगुआई में मजबूत आक्रमण पंक्ति चुनी गई है। फ्रांस के कोच दिदिएर डेसचैम्प्स ने जो टीम घोषित की, उसमें गोलकीपर रॉबिन रिसर भी शामिल हैं, जिन्हें घरेलू लीग में अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला है। लेंस के लिए खेलने वाले रिसर ने हाल ही में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता था।

# प्रज्ञानंद ने शानदार फॉर्म में चल रहे सिंदारोव को दी मात, कारूआना-गिरी ने खेला ड्रॉ

**बुचारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद ने सुपर चेस क्लासिक्स में शानदार प्रदर्शन किया। प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को मात दी और संयुक्त बढ़त हासिल करने में सफल रहे।

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद ने शानदार रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए फॉर्म में चल रहे विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को सुपर चेस क्लासिक्स के दूसरे राउंड में मात दी। काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानंद ने उस मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ दिया, जो शुरूआती और मध्य चरण में ड्रॉ की ओर जाता दिख रहा था। लगातार चालों के दोहराव के बीच संतुलन की स्थिति बनती दिख रही थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने जोखिम उठाते हुए मौके को भुना लिया।

अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारूआना और नीदरलैंड के अनीश गिरी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। वेसली सो और जॉर्डन वैन



फॉरेस्ट का मुकाबला भी ड्रॉ में समाप्त हुआ। फ्रांस के मैक्सिम वाचिए-लाग्रेव ने अपने हमवतन अलीरेजा फिरोजा को हराकर दिन की दूसरी जीत दर्ज की। जर्मनी के विंसेंट कीमर ने भी रोमानिया के बोगदान-डैनियल डेअक को पराजित किया।

### प्रज्ञानंद संयुक्त रूप से शीर्ष पर

दूसरे दौर के बाद प्रज्ञानंद, कीमर और वाचिए-लाग्रेव 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। कारूआना, वेसली सो, वैन फॉरेस्ट और गिरी के नाम एक-एक अंक हैं, जबकि फिरोजा, डेअक और सिंदारोव आधे अंक के साथ निचले पायदान पर हैं।

# पाकिस्तान की फातिमा ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज पचासा लगाया, ऋचा का रिकॉर्ड टूटा

**कराची।** महिला टी20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान की फातिमा सना ने रिकॉर्डतोड़ पारी खेली। फातिमा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं।



पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना ने इतिहास रच दिया है। फातिमा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में सिर्फ 15 गेंदों में अर्धशतक लगाया। वह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं। फातिमा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 19 गेंदों का सामना करते हुए 62 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 10 चौके और दो छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 326 का रहा। फातिमा ने सोफी डिवाइन, फोएबे लिचफील्ड और ऋचा घोष के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने 18 गेंदों में अर्धशतक लगाया है।

**फातिमा ने निदा डार को पीछे छोड़ा:** फातिमा सना से पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान की ओर से सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड निदा डार के नाम था, जिन्होंने साल 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 20 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। साल 2026 में सना की हालिया फॉर्म कमाल की रही है। वह पाकिस्तान की ओर से क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में इस साल सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रही हैं। पांच पारियों में सना 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 229 रन बना चुकी हैं। पाकिस्तान से मिले 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की पूरी टीम सिर्फ 90 रन बनाकर ढेर हो गई और मेजबान टीम ने मैच को 133 रनों से अपने नाम किया।

### जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर टूटा फातिमा का कहर

सना 17वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरीं और उन्होंने क्रीज पर आते के साथ ही चौके-छक्कों की बरसात कर डाली। उन्होंने मिचेल मावुंगा की गेंद पर चौका लगाकर अपना खाता खोला। सना ने पारी के 19वें ओवर में जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए नोमवेलो सिबांडा के खिलाफ 24 रन बटोरे। इस ओवर में सना ने तीन चौके और दो छक्के लगाए। कप्तान की तूफानी पारी के दम पर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट खोकर स्कोरबोर्डपर 223 रन लगाए, जो महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले, सीरीज के पहले टी20 में पाकिस्तान ने 237 रन बनाए थे, जो इस फॉर्मेट में टीम का सबसे बड़ा टोटल है। सना के अलावा पाकिस्तान की ओर से सायरना जबीन ने 32 गेंदों में 50 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि आयशा जफर ने 28 गेंदों में 45 रनों का योगदान दिया।

# ऑरेंज कैप की दौड़ में क्लासेन-सुदर्शन के बीच कड़ी टक्कर

## पर्पल कैप पर भुवनेश्वर का दावा मजबूत



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का सीजन अब अंतिम चरण में पहुंच रहा है और इसके साथ ही ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ भी दिलचस्प होती जा रही है। मौजूदा सीजन में फिलहाल सबसे ज्यादा रन हेनरिक क्लासेन ने बनाए हैं, लेकिन उनके ठीक पीछे साई सुदर्शन और विराट कोहली हैं।

आईपीएल 2026 का सीजन अब समापन की ओर बढ़ रहा है। लीग चरण खत्म होने को है जिसके बाद प्लेऑफ मुकाबले खेले जाएंगे। इस सीजन भी बल्लेबाजों का दम देखने को मिला है जिससे ऑरेंज कैप की दौड़ दिलचस्प हो गई है। फिलहाल इस रेस में हेनरिक क्लासेन और साई सुदर्शन सबसे आगे चल रहे हैं। इन दोनों बल्लेबाजों ने मौजूदा सीजन में 500+ रन बनाए हैं, लेकिन क्लासेन अभी शीर्ष पर हैं।

ऑरेंज कैप सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन के सिर की शोभा बढ़ा रही है। क्लासेन 12 मुकाबलों में 153 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 508 रन बना चुके हैं। वहीं, साई सुदर्शन 501 रन बनाकर लिस्ट में दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 12 मुकाबलों में 165 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 484 रन बना चुके हैं और वह ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे नंबर पर चल रहे हैं।

# लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर क्यों जुर्माना

## सीएसके के खिलाफ मैच के बाद हुई कार्रवाई

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आईपीएल 2026 के मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को हराया। लेकिन जीत के बाद टीम के कप्तान ऋषभ पंत पर जुमार्ना लगा जिसके चलते टीम का जश्न फीका पड़ गया।

लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। लखनऊ का शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से सामना था और मैच में धीमी ओवर गति को लेकर पंत पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जुमार्ना लगाया है। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मैच में लखनऊ ने सीएसके को हराया था।



### मौजूदा सीजन में टीम का पहला अपराध

पंत पर आईपीएल की आचार संहिता के आर्टिकल 2.22 के तहत जुमार्ना लगाया गया है जो धीमी ओवर गति से जुड़ा है। चूंकि मौजूदा सीजन में लखनऊ का यह पहला अपराध था इसलिए पंत पर आईपीएल की शीर्ष परिषद ने 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। आईपीएल ने बयान में कहा, लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर सीएसके के खिलाफ आईपीएल 2026 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर-रेट से संबंधित है, यह उनकी टीम का इस सीजन का पहला उल्लंघन था, इसलिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

### सीएसके पर भारी पड़ी लखनऊ की टीम

मैच की बात करें तो आकाश सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के बाद मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस की शतकीय साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपर जाएंट्स ने सीएसके को सात विकेट से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने कार्तिक शर्मा की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने 20 गेंदों के शेष रहते तीन विकेट पर 188 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### लखनऊ ने बिगाड़ा चेन्नई का 'खेल'

इस हार के साथ चेन्नई की प्लेऑफ की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। टीम छठे पायदान पर पहुंच गई। उसके खाते में 12 अंक हैं और नेट रन रेट 0.027 हो गया है। वहीं, प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी लखनऊ की टीम तालिका में 10वें स्थान पर पहुंच गई है। टॉप-4 में आरसीबी, गुजरात, हैदराबाद और पंजाब की टीमें हैं।

# क्या अब भी प्लेऑफ में पहुंच सकती है सीएसके

**नई दिल्ली।** प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी लखनऊ सुपर जाएंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का काम बिगाड़ दिया है। ग्रुप स्टेज अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है, लेकिन अब तक कोई भी टीम आधिकारिक रूप से प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी है।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जिससे प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। सीएसके इस मैच से पहले अच्छी स्थिति में दिख रही थी, लेकिन एक हार से अब समीकरण बदल गए हैं और उसके लिए आगे की राह कठिन हो चली है। सीएसके को अंक तालिका में भी नुकसान हुआ है और वह एक पायदान खिसक कर पांचवें से छठे नंबर पर आ गई है। अब सवाल यह उठता है कि क्या चेन्नई की टीम अब भी प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर सकती है?



### प्लेऑफ का समीकरण

गुजरात प्लेऑफ में जाने के करीब है और अगर वह अगले दो मैच जीत जाती है तो उसके 20 अंक हो जाएंगे। सनराइजर्स हैदराबाद भी अधिकतम 18 अंक तक पहुंच सकती है। ऐसे में चेन्नई के सामने सबसे करीब प्रतिद्वंद्वी राजस्थान रॉयल्स है जिसके 11 मैचों में 12 अंक हैं। राजस्थान को अब दिल्ली, लखनऊ और मुंबई से खेलना है। अगर राजस्थान ये सभी मैच जीत जाती है तो सीएसके के दरवाजे बंद हो जाएंगे।

### अंक तालिका का हाल

प्लेऑफ का समीकरण जानने से पहले यह देखना जरूरी है कि फिलहाल आईपीएल की अंक तालिका में कौन किस स्थान पर मौजूद है। सीएसके अंक तालिका में अब पांचवें से छठे नंबर पर आ गई है। टीम के कुल 12 अंक हैं। वहीं, सीएसके की हार से राजस्थान रॉयल्स को फायदा पहुंचा है। राजस्थान अंक तालिका में अब पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। 12 मुकाबलों में 16 अंक के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टॉप पर बनी हुई है। गुजरात टाइटंस भी 16 अंक लेकर अंक तालिका में दूसरे नंबर पर काबिज है। सनराइजर्स हैदराबाद 12 मुकाबलों में 14 अंक के साथ तीसरे नंबर पर मौजूद है। वहीं, पंजाब किंग्स इतने ही मुकाबलों में 13 अंक लेकर चौथे नंबर पर है।

दिल्ली कैपिटल्स 11 मुकाबलों में नौ अंकों के साथ सातवें, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स आठवें पायदान पर है। मुंबई और लखनऊ पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हैं और ये दोनों टीमें क्रमशः नौवें और 10वें स्थान पर हैं।

### सीएसके के लिए कठिन चुनौती

लखनऊ ने सीएसके के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं क्योंकि पांच बार की चैंपियन इस टीम के लिए अब आगे की राह कठिन है। ग्रुप चरण में सीएसके के अब दो मैच शेष हैं और उसका सामना गुजरात और सनराइजर्स हैदराबाद से है। ये दोनों ही टीमें प्लेऑफ की मजबूत दावेदार हैं।

# भारतीय युवा मुक्केबाजों का दमदार प्रदर्शन

**ताशकंद।** भारतीय अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजों ने एशियाई चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन किया। भारत ने कुल 17 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया जिसमें लड़कियों का योगदान सबसे ज्यादा रहा। एशियाई मुक्केबाजी अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप में भारत का अभियान कुल 17 पदकों (दो स्वर्ण, सात रजत और आठ कांस्य) के साथ समाप्त हुआ जिसमें लड़कियों ने सबसे ज्यादा योगदान दिया। अंडर-17 लड़कियों की टीम ने 12 पदक (दो स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य) जीते, जबकि अंडर-17 लड़कों ने एक रजत और चार कांस्य पदक जोड़े। राखी (46 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की रुखशोनबोनु अहदोवा के खिलाफ आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत हासिल कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि नव्या (57 किग्रा) ने जापान की सारा कोनो के खिलाफ 4-0 की जीत दर्ज कर दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया।

# 16 गेंदों पर लुटा दिए 60 से अधिक रन, सीएसके के गेंदबाज अंशुल कंबोज के नाम दर्ज हुआ अनचाहा रिकॉर्ड

**लखनऊ।** चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाज अंशुल कंबोज लखनऊ के खिलाफ महंगे साबित हुए। लखनऊ के बल्लेबाजों ने कंबोज के ओवर से जमकर रन निकाले। इसके साथ ही उनके नाम अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए। कंबोज ने अपने कोटे के पूरे चार भी नहीं किए, लेकिन 60 से ज्यादा रन लुटाए जिससे उनके नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। लखनऊ में शुक्रवार को एलएसजी और सीएसके के बीच आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला गया। इस मैच में सीएसके को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

### मार्श ने सीएसके के लिए मुश्किल की राह

भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 187 रन लगाए। टीम की ओर से कार्तिक शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 71 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में कार्तिक ने छह चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं, शिवम दुबे ने 16 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए। हालांकि, मिचेल मार्श द्वारा खेली गई 38 गेंदों में 90 रनों की तूफानी पारी के बूते एलएसजी ने 188 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 16.4 ओवर में तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। मार्श ने अपनी पारी में 236 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए नौ चौके और सात छक्के लगाए। वहीं, निकोलस पूरन 17 गेंदों में 32 रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ की जीत से सीएसके के लिए प्लेऑफ की राह मुश्किल हो गई है।

इस मैच में सीएसके के गेंदबाज अंशुल कंबोज इस मुकाबले में काफी महंगे साबित हुए और उन्होंने 2.4 ओवर के स्पेल में बिना कोई विकेट चटकाए 63 रन दिए। अंशुल के खिलाफ एलएसजी की पारी के 17वें ओवर में निकोलस पूरन ने लगातार चार छक्के लगाते हुए टीम को जीत दिलाई।



### अंशुल एक मैच में सर्वाधिक छक्के खाने वाले गेंदबाज

अंशुल के खिलाफ एलएसजी के बल्लेबाजों ने कुल आठ छक्के लगाए। अंशुल आईपीएल की एक पारी में सर्वाधिक छक्के खाने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में संयुक्त रूप से ना चाहते हुए भी पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। उनसे पहले यह शर्मनाक रिकॉर्ड यश दयाल के नाम दर्ज है, जिनके खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों ने साल 2023 में खेले गए मुकाबले में आठ छक्के लगाए थे। सीएसके के तेज गेंदबाज अंशुल आईपीएल में तीन या उससे कम ओवर फेंकने के बावजूद 60 से अधिक रन खर्च करने वाले महज दूसरे गेंदबाज हैं। इससे पहले, खलील अहमद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ बिना कोई विकेट चटकाए 65 रन दिए थे।

# सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक।** सात्विक-चिराग की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने थाईलैंड ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। यह जोड़ी अब इस सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट का खिताब जीतने से एक कदम दूर है।



सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सात्विक-चिराग ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में मलयेशिया के गोह जी फेई और नूर इजुद्दीन की जोड़ी को हराया। विश्व की चौथी नंबर कू जोड़ी सात्विक-चिराग ने 2019 और 2024 में यहां खिताब जीता था।

**इस सीजन पहली बार फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग**

इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में विश्व की नौवें नंबर की मलयेशियाई जोड़ी के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और 82 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 22-20, 21-16 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। सात्विक-चिराग की जोड़ी थाईलैंड ओपन के फाइनल में तीसरी बार पहुंची है, जबकि मौजूदा सीजन में इस जोड़ी का यह किसी टूनार्मेंट का पहला खिताबी मुकाबला होगा।

**मलयेशियाई जोड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड किया मजबूत**

सात्विक-चिराग की जोड़ी का गोह जी फेई और नूर इजुद्दीन के खिलाफ 8-2 का रिकॉर्ड हो गया है। हालांकि, इस मलयेशियाई जोड़ी ने पिछले साल सात्विक-चिराग को इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में मात दी थी। सात्विक-चिराग का फाइनल में पहुंचना भारत के लिए राहत की खबर है क्योंकि शुक्रवार को महिला एकल वर्ग में पीवी सिंधू और पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में अपने-अपने मुकाबले हारकर बाहर हो गए थे।

### पहला गेम गंवाने के बाद की वापसी

मलयेशियाई जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करके 3-1 की बढ़त बना ली, लेकिन सात्विक और चिराग ने स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया। पहले गेम में मलयेशियाई जोड़ी ने ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली। चिराग की गलती से शटल नेट में चली गई और अंतर बढ़ गया। पहला गेम मलेशियाई जोड़ी ने 21-19 से जीता। इसके बाद दूसरे गेम में मुकाबला बराबरी का था और स्कोर 3-3 से 6-6 हो गया। भारतीय जोड़ी ने 9-6 की बढ़त बना ली लेकिन चिराग के एक रिटर्न पर शटल नेट में जाने से बढ़त 10-9 की रह गई। ब्रेक के बाद फिर स्कोर 13-13 हो गया। चिराग ने भारत को 16-14 से बढ़त दिलाई, लेकिन फिर रिटर्न नेट में जाने से स्कोर 16-16 हो गया।

17 May -26 page 6 5/16/2026 10:20 PM Page 1






# नीट परीक्षा पेपर लीक होने पर एनएसयूआई ने फूंका शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला

## धर्मेन्द्र प्रधान के शिक्षा मंत्री रहते सीबीआई की निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती है : सतीश शर्मा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के विरोध में कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने शनिवार को गाजियाबाद में जोरदार प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सलमान मंसूरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने पुराने बस अड्डे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका । इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में बार-बार पेपर लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था के रसातल में चले जाने का प्रमाण है।

केंद्र की भाजपा सरकार नित जैसी परीक्षा नहीं कर पाती है तो फिर वह शिक्षा व्यवस्था को कैसे संभाल पाएगी। अगर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान में जरा भी नैतिकता है तो उन्हें तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लाखों विद्यार्थी दिन-रात की मेहनत कर उज्जवल भविष्य के सपनों को देखते हैं। लेकिन बीजेपी सरकार की लापरवाही और शिक्षा माफी आओगे बढ़ते प्रभाव के कारण विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में पड़ गया है। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सलमान मंसूरी ने कहा कि यह सिर्फ एक परीक्षा का मामला नहीं है, बल्कि देश के युवाओं के विश्वास और भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। बीजेपी सरकार युवाओं को सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष शादाब अब्बासी ने कहा कि लगातार पेपर लीक की घटनाएं यह दिखाती हैं कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में नाकाम रही है। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सलमान मंसूरी ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा बच्चों के मार्क के आधार पर नीट की परीक्षा में चयन किया करना चाहिए भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री रहते सीबीआई की ओर से निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती है। पूरे मामले में धर्मेंद्र प्रधान भी शामिल है ऐसे में उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या प्रधानमंत्री को उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए। साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष साहिल अब्बासी ने कहा कि छात्रों और युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी और युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शन में गाजियाबाद जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष डोली त्यागी, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष शादाब अब्बासी, जिला महासचिव मोहम्मद इरफान, जिला सचिव जितेंद्र शर्मा, जिला महासचिव रियाज अब्बासी नगर अध्यक्ष अनवर कुरैशी डसना, जिला कोषाध्यक्ष अजहर एडवोकेट, जिला महासचिव मोनिस, महासचिव हरसन, लाजपत राय कॉलेज अध्यक्ष मोहम्मद अली, साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष अब्बासी, सचिव तरुण कुमार, महासचिव अमन, सचिव रिहान, जुनैद चौधरी, आयुष, अभय शर्मा , अर्श आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बहादुर हेड कांस्टेबल संदीप मलिक का गांव में जोरदार स्वागत





एनकाउंटर में पेट में गोली लगने के बाद स्वस्थ होकर लौटे घर, मां ने उतारी आरती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते दिनों हुए हाईप्रोफाइल एनकाउंटर में घायल हुए क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल संदीप मलिक शनिवार को जब अपने पैतृक गांव पहुंचे तो उनका भावुक स्वागत किया गया। बेटे को सकुशल घर लौटता देख मां की आंखें नम हो गईं। मां ने आरती उतारकर और तिलक लगाकर बहादुर बेटे का स्वागत किया। गांव लंक, शामली कोतवाली जिला शामली पहुंचने के बाद गांव के लोगों ने संदीप मलिक की बहादुरी की सराहना की। बताया गया कि बीते दिनों पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश ढेर कर दिए गए थे। इस दौरान क्राइम ब्रांच में तैनात हेड कांस्टेबल संदीप मलिक को पेट में गोली लग गई थी। गोली पेट में फंस गई थी, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई दिनों तक उनका उपचार चला और चिकित्सकों की निगरानी में रहने के बाद अब उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई आईएस मॉड्यूल से जुड़े आरोपियों के खिलाफ की गई थी। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि दो आरोपी मुठभेड़ में मारे गए। पुलिस अब भी फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। उधर, क्राइम ब्रांच एसओजी टीम प्रभारी अनिल राजपूत ने कहा कि हेड कांस्टेबल संदीप मलिक ने पूरे ऑपरेशन के दौरान बेहद दिलेरी और बहादुरी का परिचय दिया। उन्होंने जान की परवाह किए बिना टीम के साथ मिलकर ऑपरेशन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संदीप मलिक के गांव लौटने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला और लोगों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# एलपीजी गैस की चपेट में आकर फैक्टरी कर्मी झुलसा

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र स्थित सालसर फैक्टरी में शनिवार को एलपीजी गैस की चपेट में आकर एक कर्मचारी झुलस गया। हादसे के बाद फैक्टरी में अफरा-तफरी मच गई। घायल को तुरंत उपचार के लिए जीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार गाजियाबाद के आकाश नगर निवासी रविंद्र पाल फैक्टरी में काम कर रहे थे।

वेल्डिंग और कटिंग के दौरान एलपीजी गैस की चपेट में आने से वह झुलस गया। आसपास मौजूद मजदूरों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि फैक्टरी में गैस से झुलसने की सूचना मिली थी। घायल का उपचार कराया जा रहा है और मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल मामले में किसी की ओर से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

# खोड़ा में शनि अमावस्या पर झुन्ना हनुमान मंदिर में हुआ शरबत वितरण

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में शनि अमावस्या के अवसर पर झुन्ना हनुमान मंदिर में श्रद्धा और सेवा भाव के साथ सरबत वितरण सेवा का आयोजन किया गया।

गर्मी को देखते हुए आयोजित इस सेवा में भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राहगीरों व श्रद्धालुओं को ठंडा सरबत वितरित किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और पुण्य कार्य में सहभागिता की। सेवा कार्य के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। कालू यादव ने कहा कि इस प्रकार की सेवा से समाज में समरसता और परोपकार की भावना बढ़ती है। इस पुण्य कार्य में मुख्य रूप से अश्वनी यादव, पिंटू यादव, कपिल यादव, दिनेश लोधी, संदीप शर्मा और रोशन कुमार सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्तों ने बताया कि शनि अमावस्या पर दान और सेवा का विशेष महत्व होता है, जिससे जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है।




# दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**पिलखुवा।** मोहल्ला छिद्दापुरी निवासी विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी तीन फरवरी को बुलंदशहर निवासी निशांत उर्फ रोहित के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी में करीब सात लाख रुपये खर्च कर उपहार दिए गए थे लेकिन ससुराल पक्ष इससे खुश नहीं था। शादी के अगले दिन ही पति, ससुर और सास ने बाइक और छह लाख रुपये नकद की मांग शुरू कर दी।

आरोप है कि चार फरवरी की शाम मांग पूरी करने से मना करने पर पति ने मारपीट की और कमरे में बंद कर दिया। अगले दिन पति के भाई ने भी गलत हरकत करने का प्रयास किया। विवाहिता का आरोप है कि सात फरवरी को गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। इसके बाद आठ फरवरी को वह मायके लौट आई। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



# इंदिरापुरम मंडल प्रभारी रनिता सिंह ने शक्ति केंद्र के साथ की बैठक, बूथ अध्यक्षों को दिए निर्देश

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता के नेतृत्व में मंडल प्रभारी रनीता सिंह ने शक्ति केंद्र के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गई।



शक्ति केंद्र एक्सप्रेस गार्डन-2 के अंतर्गत आने वाले सभी बूथ अध्यक्षों की बैठक एक्सप्रेस गार्डन के सीनियर सिटीजन क्लब में आयोजित की गई है। बैठक में बूथ संख्या 602, 603, 605, 613, 614, 616, 617 और 618 के बूथ अध्यक्षों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने बूथ के बीएलए 2 के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। मंजुला गुप्ता ने बताया कि बैठक का उद्देश्य बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करना और आगामी रणनीति पर चर्चा करना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से समय पर पहुंचने और जिम्मेदारी के साथ कार्यों में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक राजेश जैन मंडल महामंत्री देवाशीष दत्त मंडल उपाध्यक्ष नवीन शर्मा प्रवेश अत्रे अजय गुप्ता सुरेंद्रनाथ खन्ना आदि कार्यकर्ता मौजूद है।

# गरिमा गार्डन वार्ड-64 में खराब सड़कों को लेकर धरना-प्रदर्शन

## प्रशासन ने दिया समाधान का आश्वासन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गरिमा गार्डन वार्ड-64 की विभिन्न कॉलोनियों में जर्जर सड़कों से परेशान स्थानीय लोगों का सब्र आखिरकार टूट गया। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान न होने पर कॉलोनीवासियों ने विरोध स्वरूप मुख्य मार्गों को बंद कर धरना-प्रदर्शन किया, जिससे लोगों को मजबूरन मुख्य सड़क पर उतरना पड़ा।

स्थानीय वार्ड अध्यक्ष कपिल मावी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर जल्द सड़कों की मरम्मत की मांग की। उनका कहना था कि गड्ढों और टूटी सड़कों के कारण रोजाना दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है और बच्चों, बुजुर्गों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। मामले की जानकारी मिलते ही प्रशासन और जलकल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने वार्ड अध्यक्ष कपिल मावी और क्षेत्रवासियों के साथ बैठक कर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़कों की मरम्मत और अन्य संबंधित समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर ध्यान सिंह नगर, राहुल श्रीवास्तव, हैप्पी सिंह, कमर खान, शकील सैफी, हरदीप ठाकुर, पवन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सेक्टर-132 में 10 घंटे, सेक्टर-63 में 5 घंटे बिजली कटौती

**नोएडा।** शहर में गर्मियों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत निगम ने क्षतिग्रस्त उपकरणों को बदलने का कार्य शुरू किया है। इसके चलते रविवार को कई इलाकों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने पहले से तैयारी करने की सलाह दी है। विद्युत निगम के अनुसार, सेक्टर-132 स्थित 33/11 केवी उपकेंद्र पर आरडीएसएस योजना के तहत 11 केवी वीसीबी बदलने का कार्य किया जाएगा। इस कारण सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इससे नगली नगला, रोहिलापुर, शाहपुर, सेक्टर-128, 131, 132 और 134 समेत कई इलाके प्रभावित होंगे। डीपीएस स्कूल, प्रोमेथियस स्कूल, कल्पतरु और पारस मॉल में भी बिजली बाधित रहेगी। वहीं सेक्टर-63जी उपकेंद्र पर नए ब्रेकर और कंट्रोल पैनल लगाने के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जी-ब्लॉक सेक्टर-63, चोटपुर और छिजारसी क्षेत्र में बिजली कटौती रहेगी। किसी भी समस्या के लिए उपभोक्ता 1912 टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।



# पीएम की अपील का किया स्वागत

**नोएडा।** फेज-2 स्थित निजी होटल में शुक्रवार को लघु उद्योग भारती ने अपना स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर शामिल होने पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष मधुसूदन दादू ने सभी उद्यमियों से कहा कि राष्ट्रहित में पीएम की अपील को मानें और अपने अपने उद्यमों में पेट्रोल, डीजल की कमी करें। उस स्तर तक करें, जिससे उत्पादन प्रभावित न हो और अपील भी मान ली जाए। इसके अलावा सार्वजनिक परिवहन का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। जिनकी आईटी कंपनी है, वह कम से कम कर्मचारियों को कार्यालय बुलाएं। इसके अलावा उन्होंने यूपी सरकार की ओर से बनाई गई वाणिज्यिक भवनों की नीति में सुधार के लिए उद्यमियों से उनके सुझाव साझा करने की बात कही, ताकि उद्यमी सरलता से अपना उद्यम प्राधिकरण क्षेत्रों में लगा सके और उनका बेहतर संचालन हो सके इस मौके पर करीब 70 उद्यमियों ने सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान कार्यक्रम संभाग अध्यक्ष पवन सिंघल, अजय गुप्ता, अमित अग्रवाल, अमित सिंघल, संजय बत्रा, रामा चावला ,अनुपम गुप्ता,एल बी सिंह,राज कुमार शर्मा,नरेश गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।




# दिशासूचक बोर्ड गायब, राहगीर हो रहे परेशान

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर-36 में दिशासूचक बोर्ड गायब और जर्जर होने से स्थानीय निवासियों व बाहर से आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से कई बोर्ड टूटे हुए हैं या पूरी तरह हट चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत या नए बोर्ड लगाने का काम नहीं हुआ है।

निवासियों का कहना है कि संकेतक बोर्ड नहीं होने से नए लोगों को सही रास्ता खोजने में दिक्कत होती है। कई वाहन चालक गलत मार्ग पर पहुंच जाते हैं, जिससे समय और ईंधन दोनों की बबार्दी होती है। रात के समय समस्या और गंभीर हो जाती है।

# गर्मी के कारण बढ़े डिहाइड्रेशन और फूड प्वाइजनिंग के मरीज

**हापुड़।** भीषण गर्मी के चलते डिहाइड्रेशन, डायरिया और फूड प्वाइजनिंग के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इस वजह से सीएचसी और जिला अस्पताल की ओपीडी लगभग फुल हैं। अस्पताल में प्रतिदिन 20-25 मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है। वहीं, चिकित्सक लोगों को तेज धूप में बाहर न निकलने की सलाह दे रहे हैं।

पिछले कुछ दिनों से लगातार तापमान बढ़ रहा है। तेज धूप और गर्मी के कारण अधिक तला हुआ खाद्य पदार्थ भी नुकसान पहुंचा रहा है। इन दिनों डिहाइड्रेशन, डायरिया और फूड प्वाइजनिंग के मामले लगभग दोगुने हो चुके हैं। कुछ मरीजों को जरूरत पड़ने पर पांच से आठ घंटे तक भर्ती करके उपचार देने के बाद सेहत में सुधार होने पर डिस्चार्ज किया जा रहा है। अप्रैल के मध्य तक सीएचसी की ओपीडी में इस तरह के करीब 30 मामले तक प्रतिदिन आते थे। इनकी संख्या बढ़कर अब 60 के आसपास पहुंच चुकी है। यही हाल जिला अस्पताल ओर अन्य अस्पतालों का भी है।

सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. अशरफ ने बताया कि इमरजेंसी में 10 बेड हैं। जिला अस्पताल में अलग से पूरा वार्ड है। भीषण गर्मी के कारण अब लोग उल्टी-दस्त, पेट में दर्द, डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं। प्रतिदिन भर्ती हो रहे मरीजों में से कुछ की खराब हालात अधिक होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। बाकी के मरीजों को कुछ घंटे के उपचार के बाद सुधार होने पर सीएचसी से ही डिस्चार्ज किया जा रहा है। दस्त के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है, इसमें धूप में काम करने वाले लोग अधिक हैं।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आदेश शर्मा की सियासी आस्था किसी भी दल के साथ हो मगरवो अपने बेटे युवराज शर्मा को प्यार से मोदी बुलाते हैं। अपने पुत्र मोदी के जन्मदिवस की खुशी को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। अपने बेटे युवराज शर्मा उर्फ मोदी के जन्मदिन पर उन्होंने उसके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए पढ़ने लिखने की भी बात कही। आदेश शर्मा ने अपनी इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# शिप्रा रिवेरा मंदिर में धूमधाम से मनाया गया वट सावित्री व्रत, माताओं ने की अखंड सौभाग्य की कामना

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित शिप्रा रिवेरा मंदिर में वट सावित्री व्रत पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने व्रत रखकर भगवान से अपने सुहाग की रक्षा और अखंड सौभाग्यवती रहने की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही।





महिलाओं ने विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा की, परिक्रमा की और वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर पति की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान कथा सुनकर सभी ने सावित्री-सत्यवान की कथा से प्रेरणा ली।

पूजा का संचालन पंडित जीवेश मिश्रा और पंडित प्रमोद तिवारी ने किया। उन्होंने व्रत का महत्व बताते हुए कथा सुनाई और सभी को आशीर्वाद दिया। पंडितों ने कहा कि वट सावित्री व्रत नारी शक्ति, समर्पण और पति-पत्नी के अटूट बंधन का प्रतीक है। मंदिर समिति के हेमंत कुमार वाजपेयी ने बताया कि हर वर्ष इस पर्व को पारंपरिक रूप से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आस्था और श्रद्धा से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। समिति ने सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर आयोजन को सफल बनाया।

# टायर बदलते समय पिकअप में पीछे से घुसा कैंटर, फ्लाईओवर पर लंबा जाम




- गाजीपुर मंडी से चिकन और मछली लेकर गजरौला जा रही थी पिकअप
- विबग्योर स्कूल के पास हादसे के बाद सड़क पर बिखरा सामान

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-9 फ्लाईओवर पर विबग्योर स्कूल के पास शनिवार को टायर बदलते समय पिकअप में पीछे से आ रहे मदर डेयरी के कैंटर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद सड़क पर चिकन और मछली बिखर गई और फ्लाईओवर पर लंबा जाम लग गया। इस दौरान राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

पुलिस के मुताबिक आजमपुर निवासी महबूब दिल्ली की गाजीपुर मंडी से चिकन और मछली लेकर गजरौला जा रहा था। देवघर के पास फ्लाईओवर पर अचानक पिकअप का टायर फट गया। इसके बाद चालक सड़क किनारे वाहन रोककर टायर बदल रहा था।इसी दौरान पीछे से आए कैंटर ने पिकअप में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वाहन में भरा सामान सड़क पर फैल गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्रियों को दुर्गंध और जाम से काफी परेशानी झेलनी पड़ी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क से सामान हटवाकर यातायात सुचारू कराया। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि टायर बदलने के दौरान पीछे से कैंटर ने पिकअप में टक्कर मार दी थी। सड़क पर फैला सामान हटवाकर यातायात सामान्य करा दिया गया है। फिलहाल किसी पक्ष की ओर से शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।





## अमेरिका ने जर्मनी के साथ पोलैंड में भी अमेरिकी सैनिकों की तैनाती रोकी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर पेंटागन ने पोलैंड और जर्मनी में सैनिकों की नई तैनाती रोक दी है। ईरान युद्ध पर सहयोगियों से मतभेद के कारण यह फैसला लिया गया है। हालांकि, पोलैंड ने इसे सुरक्षा के लिए खतरा नहीं माना है। अमेरिका ने यूरोप में अपने सैनिकों की संख्या कम करने का बड़ा फैसला लिया है। पेंटागन ने पोलैंड और जर्मनी जाने वाले हजारों सैनिकों की तैनाती रद्द कर दी है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश के बाद उठाया गया है, जिसमें उन्होंने यूरोप से करीब 5,000 सैनिक कम करने को कहा था। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, वह पोलैंड और जर्मनी में होने वाली नई तैनाती को रद्द करके ऐसा कर रहा है, न कि वहां पहले से तैनात सैनिकों को वापस बुला रहे है।

अमेरिकी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सेना की पहली कैवेलरी डिवीजन की दूसरी आर्मर्ड ब्रिगेड के 4,000 सैनिकों को इस हफ्ते पोलैंड जाना था, लेकिन अब उनकी रवानगी रोक दी गई है। इसके अलावा, लंबी दूरी के रॉकेट और मिसाइल दागने

# डोनाल्ड ट्रंप की हत्या पर रू 558 करोड़ का इनाम

## ईरानी संसद में पेश किया जाएगा प्रस्ताव

**तेहरान।** ईरानी संसद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या के बदले 50 मिलियन यूरो (करीब रू550 करोड़) इनाम देने का प्रस्ताव लाया जा सकता है। ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने 'काउंटर-एक्शन' योजना का मसौदा तैयार होने की बात कही है।

ईरानी मीडिया में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर एक खबर सामने आई, जिसने सबका ध्यान खींचा है। ताजा रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि ईरानी सरकार ट्रंप की हत्या के बदले 50 मिलियन यूरो (करीब रू558 करोड़) के इनाम का एक प्रस्ताव संसद में लाने की तैयारी कर रही है। ईरान वायर के अनुसार, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा 'काउंटर-एक्शन' नाम के योजना का



मसौदा तैयार किए जाने की घोषणा की है। इस मसौदे में डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के लिए करीब रू558 करोड़ का इनाम देने का प्रस्ताव शामिल है।

**'नेतन्याहू और सेंटकॉम के कमांडर भी बनाए जाएं निशाना'**

अजीजी ने कहा कि ट्रंप, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के कमांडर को काउंटर-एक्शन के लिए टारगेट किया जाना चाहिए। अजीजी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या में इनकी भूमिका की वजह से उन्हें टारगेट करने की बात कही। सरकार के सपोर्टर अली अकबर राएफीपुर के मीडिया आउटलेट 'मसाफ' ने पहले दावा किया था कि 'किल ट्रंप' नाम के कैंपेन के लिए 50 मिलियन डॉलर (लगभग 500 करोड़) के वित्तीय रिसोर्स सुरक्षित कर लिए गए हैं।

ईरान वायर ने बताया कि हैकिंग ग्रुप 'हंडाला' ने एक बयान जारी कर दावा किया था कि समूह ने ट्रंप और नेतन्याहू को खत्म करने के लिए 50 मिलियन डॉलर (लगभग 500 करोड़) दिए।

हैकिंग ग्रुप के बयान में दावा किया गया कि यह रकम किसी भी ऐसे व्यक्ति या ग्रुप को दी जाएगी जो असल कार्रवाई करेगा। उनके कम्युनिकेशन और फाइनेंशियल चैनल एन्क्रिप्शन और एनोनिमाइजेशन टेक्नोलॉजी से सुरक्षित हैं।

### यह हमारा अधिकार है- इब्राहिम अजीजी

ईरान इंटरनेशनल मीडिया के अनुसार, अजीजी ने सरकारी टीवी को बताया कि मार्च में युद्ध शुरू होने के बाद से सांसदों ने कई बिल तैयार किए हैं, जिनमें से एक सैन्य और सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्रवाई पर है। अजीजी ने कहा, 'हमारा मानना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति, इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और सेंटकॉम कमांडर को निशाना बनाया जाना चाहिए और उन पर जवाबी कार्रवाई होनी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'यह हमारा अधिकार है। जैसे हमारे इमाम शहीद हुए, वैसे ही अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ भी किसी भी मुस्लिम या आजाद इंसान को पेश आना चाहिए।'

### मार्च महीने में ईरान में मोबाइल यूजर्स को भेजा गया था मैसेज

अजीजी ने कहा कि प्रस्तावित बिल में यह तय किया गया है कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस मिशन को अंजाम देता है, तो सरकार उसे इनाम के तौर पर करीब रू558 करोड़ देने के लिए बाध्य होगी। मार्च की शुरूआत में ईरान में मोबाइल यूजर्स को भेजे गए बड़े पैमाने के टेक्स्ट मैसेज में 'ट्रंप की हत्या के लिए इनाम' से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय अभियान का प्रचार किया गया था। ईरान इंटरनेशनल के साथ साझा किए गए स्क्रीनशॉट्स में ऐसा दावा किया गया है।

## नाइजीरिया में मारा गया ISIS का दूसरा बड़ा कमांडर अबू-बिलाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाइजीरिया में आईएसआईएस के दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू-बिलाल अल-मिनुकी को मार गिराने की घोषणा की। अमेरिकी और नाइजीरियाई सेना ने मिलकर यह जटिल ऑपरेशन किया। ट्रंप ने कहा कि इससे दुनिया भर में आईएसआईएस की आतंकी गतिविधियां कमजोर होंगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़ी सैन्य कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना ने नाइजीरिया में आईएसआईएस के दूसरे सबसे बड़े वैश्विक कमांडर अबू-बिलाल अल-मिनुकी को खत्म कर दिया है। यह आतंकी पूरी दुनिया में आईएसआईएस का दूसरा सबसे बड़ा नेता माना जाता था।

**ट्रंप ने दी जानकारी**

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इस खबर को साझा किया। उन्होंने बताया कि यह एक बहुत ही जटिल और सुनियोजित मिशन था। अमेरिकी सेना और नाइजीरियाई



सशस्त्र बलों ने मिलकर इस ऑपरेशन को पूरी सटीकता के साथ अंजाम दिया। ट्रंप ने अल-मिनुकी को दुनिया का सबसे सक्रिय आतंकवादी बताया।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अल-मिनुकी को लगा था कि वह अफ्रीका में छिप सकता है। लेकिन अमेरिका के पास ऐसे सूत्र थे जो उसकी हर हरकत की जानकारी दे रहे थे। ट्रंप ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि अब यह आतंकी अफ्रीका के लोगों को नहीं डरा पाएगा। वह अब अमेरिकियों को निशाना बनाने की साजिश भी नहीं रच सकेगा। ट्रंप का मानना है कि इस आतंकी के खात्मे से दुनिया भर में आईएसआईएस का नेटवर्क बहुत कमजोर हो जाएगा।

# 'नीदरलैंड ट्यूलिप तो भारत कमल के लिए जाना जाता है'

**हेग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के दौरे के दूसरे चरण में नीदरलैंड पहुंचे हुए हैं। आज उन्होंने हेग में प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आज की तारीख 16 मई का जिक्र किया। दरअसल, साल 2014 में आज के ही दिन लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित किया गया था। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि नीदरलैंड ट्यूलिप तो भारत कमल के लिए जाना जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड की यात्रा पर हैं। उन्होंने 'द हेग' में भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत की। इस दौरान अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए उन्होंने कहा, 'इतना प्यार और उत्साह... सच कहूं तो कुछ देर के लिए मैं भूल ही गया था कि मैं नीदरलैंड में हूं। ऐसे लग रहा है कि जैसे भारत में ही कहीं कोई फेस्टिवल चल रहा है।'

### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें



'नीदरलैंड ट्यूलिप तो भारत कमल के लिए जाना जाता है'

नीदरलैंड को ट्यूलिप की धरती कहा जाता है और इन खूबसूरत फूलों को देखने के लिए दुनियाभर से लोग वहां पहुंचते हैं।

भारत में भी फूलों की यह खूबसूरत परंपरा दिखती है, खासकर श्रीनगर के ट्यूलिप गार्डन में। जैसे नीदरलैंड की पहचान ट्यूलिप से जुड़ी है, वैसे ही भारत की पहचान कमल से भी गहराई से जुड़ी हुई है। ट्यूलिप और कमल दोनों फूल हमें बताते हैं कि जड़ें चाहे पानी में हों या धरती पर अगर सही पोषण मिले तो सुंदरता भी मिलती है और स्ट्रेंथ भी आ जाती है।

**'नीदरलैंड में भारतीयों के योगदान पर हर भारतवासी को गर्व'**

भारतीय समुदाय के योगदान पर गौरवान्वित होते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आप नीदरलैंड के समाज और यहां की इकोनॉमी में जो आपकी देन हैं उस पर हर भारतवासी को गर्व है। मैं आज इस अवसर पर नीदरलैंड की जनता और सरकार का आभार व्यक्त करता हूं।

मैं यहां की जनता को 140 करोड़ भारतवासियों की तरफ से अपनी शुभकामनाएं देता हूं।'

### 'भारत की विविध संस्कृति अपने लोगों के दिलों में धड़कती है'

प्रधानमंत्री ने इस दौरान भारत की विश्व को देन और भारतीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए आगे कहा, यहां बैठे अनेक परिवारों की कहानी प्रवासन की कहानी नहीं, यह सांस्कृतिक आस्था के बीच तमाम संघर्षों के बीच प्रगति की कहानी है। उस दौर में तब किसी ने सोचा नहीं था कि दो महासागर पार करने के बाद भी भारतीयों की पहचान इतनी जीवंत रहेगी। आपके पूर्वज बहुत कुछ पीछे छोड़ गए, लेकिन कुछ चीजें उनके साथ रहीं, अपनी मिट्टी की खशबू, त्योहार की संस्कृति, भजन की धुनें और पूर्वजों के संस्कार। समय के साथ अनेक संस्कृतियां मिट गईं लेकिन भारत की विविध संस्कृति अपने लोगों के दिलों में धड़कती है।

### '13 साल पहले भारत में घटी थी विशेष घटना'

हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने 2014 के लोकसभा फैसले की सराहना की, जब उनके नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पहली बार सत्ता संभाली थी। 16 मई को घोषित जनादेश को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'तेरह साल पहले, इसी दिन भारत में एक विशेष घटना घटी थी। एक मजबूत और शक्तिशाली सरकार सत्ता में आई और एक कमजोर सरकार का शासन समाप्त हुआ। तब से देश का विकास हुआ है, इसलिए यह एक विशेष दिन है।' कोटि-कोटि भारतवासियों का विश्वास मुझे न रुकने देता है और न थकने देता है।

# 'ड्रोन भविष्य के युद्ध की दिशा तय करेंगे, समय के साथ चलना जरूरी', अमेरिकी सेना ने संसद में दी जानकारी

**वॉशिंगटन।** ड्रोन्स अब युद्ध को तेजी से बदल रहे हैं। अमेरिकी सेना ने भी संसद को ये जानकारी दी है और कहा है कि अगर उन्होंने तेजी से इस तरफ ध्यान नहीं दिया तो पिछड़ने का खतरा है। आइए जानते हैं कि अमेरिकी सेना ने संसद में क्या क्या कहा?

अमेरिकी सेना ने देश के सांसदों को को बताया है कि ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिना इंसानी नियंत्रण वाले सिस्टम आधुनिक युद्ध का तरीका तेजी से बदल रहे हैं। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन युद्ध से यह साफ हो गया है कि आने वाले समय में लड़ाइयों में सस्ते, बड़ी संख्या में इस्तेमाल किए जा सकने वाले और मानव रहित हथियारों की सबसे बड़ी भूमिका होगी। अमेरिकी कांग्रेस की हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सामने पेश हुए अमेरिकी सेना के सचिव डैनियल ड्रिस्कॉल ने कहा



कि युद्ध का स्वरूप बहुत तेज गति से बदल रहा है और जो सेनाएं खुद को समय के हिसाब से नहीं बदलेंगी, वे पीछे छूट जाएंगी।

**तेजी से बदल रहे युद्ध के तरीके**

ड्रिस्कॉल ने कहा, 'ड्रोन इंसानों के बीच युद्ध करने के तरीके को पूरी तरह बदल रहे हैं। इतिहास में इतनी तेजी से बदलाव पहले कभी नहीं देखा गया। ये सस्ते होते हैं, जरूरत के हिसाब से बदले जा सकते हैं, बेहद सटीक होते हैं और कई तरह के काम कर सकते हैं।' उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना अब तेजी से ऐसे सिस्टम विकसित कर रही है जिनमें एआई, ऑटोमेटेड तकनीक और आधुनिक कमांड सिस्टम शामिल हों। खासतौर पर अमेरिका भविष्य में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संभावित संघर्षों को ध्यान में रखकर तैयारी कर रहा है।

अमेरिकी सेना के 2027 के बजट पर संसद में तीखी सुनवाई हुई। इसी दौरान अमेरिकी सेना के शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी संसद को दी। इस दौरान दोनों दलों के प्रतिनिधियों ने भी यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए माना कि सस्ते ड्रोन अब निगरानी, दुश्मन को निशाना बनाने और बड़े हमलों में बेहद अहम भूमिका निभा रहे हैं। अमेरिकी सेना के जनरल क्रिस्टोफर लानेव ने कहा कि सेना यूक्रेन और मध्य पूर्व के युद्धों से मिले अनुभवों के आधार पर अपनी ट्रेनिंग और युद्ध रणनीति तेजी से बदल रही है।

# उधार के पैसों से घी पीने की तैयारी, आईएमएफ के फंड से रक्षा बजट में बढ़ोतरी करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार अगले वित्त वर्ष में रक्षा बजट बढ़ाने की तैयारी में है। आईएमएफ के सुधार कार्यक्रम के तहत रक्षा खर्च में करीब 100 अरब पाकिस्तानी रुपये की बढ़ोतरी प्रस्तावित है।

पाकिस्तान सरकार अगले वित्त वर्ष के बजट में रक्षा खर्च को करीब 100 अरब पाकिस्तानी रुपये बढ़ाने की योजना बना रही है। सरकार यह बजट अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा समर्थित एक सुधार कार्यक्रम के तहत तैयार कर रही है, जिसमें राजस्व में भारी बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है।

'डॉन' अखबार की एक रिपोर्ट में आईएमएफ के दस्तावेजों का हवाला दिया गया है। इसके अनुसार, साल 2026-27 के लिए पाकिस्तान का रक्षा खर्च 2.665 लाख करोड़ (ट्रिलियन) पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान है।



पिछले साल यह खर्च 2.564 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएमएफ ने 2026-27 के लिए पाकिस्तान के कुल संघीय राजस्व का अनुमान 17.144 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये लगाया है, जो मौजूदा वित्त वर्ष से 2 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये से भी अधिक है। इसमें 13.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दशार्ता है। इसमें यह भी कहा गया है, पाकिस्तान सरकार ने संघीय और प्रांतीय सरकारों के कुल खर्च में जीडीपी के 0.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की बात कही है। यह खर्च कुल 4.227 लाख करोड़ रुपये होगा। इसके अलावा, सरकार ने जून 2027 तक सभी सरकारी भुगतानों को पूरी तरह डिजिटल बनाने का लक्ष्य रखा है।

आईएमएफ के सुधारों के हिस्से के रूप में, सरकार इस साल के अंत तक भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा आशंका वाले 10 संस्थानों की पहचान करेगी। इन संस्थानों का विशेष ऑडिट और विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही, राज्यों की भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं को भी और ताकत दी जाएगी। सरकार ने यह भी भरोसा दिया है कि वह विशेष आर्थिक क्षेत्रों, निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों और विशेष टेक्नोलॉजी क्षेत्रों के लिए कोई नई रियायत या प्रोत्साहन शुरू नहीं करेगी। पुरानी रियायतों को भी साल 2035 तक धीरे-धीरे खत्म कर दिया जाएगा।

# मालदीव में इटली के पांच गोताखोरों की मौत

## दो दिन बाद भी एक ही शव हो सका बरामद, बचाव अभियान जारी

**रोम।** मालदीव में स्कूबा डाइविंग के दौरान हुए एक हादसे में इटली के पांच नागरिकों की मौत से हड़कंप मच गया है। दुर्घटना के दो दिन बाद भी केवल एक ही गोताखोर का शव बरामद किया जा सका है। इस बीच इटली के एक विशेषज्ञ मालदीव के पुलिस और गोताखोरों की टीम में शामिल हुए हैं।

मालदीव में एक गुफा के अंदर स्कूबा डाइविंग के दौरान इटली के पांच गोताखोरों की मौत के बाद शुक्रवार को भी खोज अभियान जारी रहा। इस अभियान में इटली के एक विशेषज्ञ भी पुलिस गोताखोरों और बचाव नौकाओं के समूह में शामिल हुआ।

इटली के पांच नागरिकों की मौत गुरुवार को हुई थी, इसके बाद से ही बचाव अभियान और जांच तेज हो गई है। इटली के विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये पांचों गोताखोर कथित तौर पर गुरुवार को 50 मीटर (164 फीट) की गहराई पर गुफाओं का पता लगाने



की कोशिश कर रहे थे, जब यह दुर्घटना हुई। उनकी मौत के सटीक कारणों और परिस्थितियों की अभी जांच की जा रही है।

**गुफा में 60 मीटर गहराई से निकाला गया एक शव**

मालदीव के अधिकारियों ने गुरुवार को घटना के बाद एक बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया था। इसमें नावें, विमान और गोताखोर दल शामिल थे। मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के अनुसार, एक गोताखोर का शव एक गहरे पानी के नीचे की गुफा में मिला था, जिसे लगभग 60 मीटर (200 फीट) की गहराई से निकाला गया।

शेष चार गोताखोरों के उसी गुफा में फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने इसे एक खतरनाक और उच्च जोखिम वाला अभियान बताते हुए अतिरिक्त टीमों और विशेष उपकरणों को भेजा है। हालांकि, खराब मौसम की स्थिति के कारण शवों को निकालने के प्रयासों में देरी हो सकती है।

**पीड़ितों को सहायता दे रहा इटली का विदेश मंत्रालय**

इटली का विदेश मंत्रालय शवों की बरामदगी के बारे में अधिक जानकारी नहीं दे सका है। मंत्रालय ने बताया कि इटली के एक विशेषज्ञ शुक्रवार को तटरक्षक बल और मालदीव के जहाजों की सहायता कर रहे थे। अधिकारियों ने वावु एटोल में पानी के नीचे की गुफा तक पहुंचने के लिए गोता लगाने की योजना बनाई थी।

इटली के कोलंबो में राजदूत, जो मालदीव के साथ संबंधों की देखरेख करते हैं, राजधानी माले में तटरक्षक अधिकारियों से मिलने के लिए पहुंचे हैं। इतालवी दूतावास पीड़ितों के परिवारों के संपर्क में है और उन्हें सहायता प्रदान कर रहा है।

**कैसे हुआ था हादसा?**

शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, इटली के गोताखोरों का यह समूह गुरुवार की सुबह अलीमथा के पास गोताखोरी कर रहा था। दोपहर तक सतह पर वापस न आने पर उन्हें लापता घोषित कर दिया गया था। उस समय मौसम की स्थिति को प्रतिकूल बताया गया था और मौसम के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया था।

## मुश्किल वैश्विक हालात में वअए के साथ समझौते, विशेषज्ञ बोले- होंगे दूरगामी प्रभाव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए भारत हर संभव सहायता देने को तैयार है। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात के दौरान मोदी ने आश्वस्त किया कि भारत हर परिस्थिति में यूएई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है और भविष्य में भी ऐसा ही करता रहेगा।

उन्होंने होर्मुज से सुरक्षित पारगमन मार्ग और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करने के पक्ष में भारत का स्पष्ट रुख भी व्यक्त किया, जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के साथ-साथ ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने सुरक्षा और व्यापार के लिहाज से होर्मुज जलमार्ग का जिक्र कर कहा कि इसे खुला और सुरक्षित बनाए रखना भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# इस्राइल का हमास के शीर्ष सैन्य कमांडर को मार गिराने का दावा





**संयुक्त राष्ट्र।** गाजा में इस्राइल का बड़ा दावा, हमास के शीर्ष सैन्य कमांडर इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद को मारा गिराया है। कहा जा रहा है कि वह 7 अक्टूबर 2023 के हमले का मास्टरमाइंड था।

इस्राइल ने दावा किया है कि उसकी सेना ने शुक्रवार को गाजा सिटी में किए गए एक हवाई हमले में हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख नेताओं में शामिल इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद को मार गिराया। इस्राइल के मुताबिक हद्दाद 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हुए हमास हमलों की योजना और उसे अंजाम देने वाले प्रमुख रणनीतिकारों में से एक था। इस्राइल ने गाजा पट्टी में एक बहुत बड़ा हवाई हमला किया। इस बार इस्राइल के निशाने पर सीधे तौर पर हमास का सबसे बड़ा सैन्य कमांडर था। अब उसकी मौत का खबर साने आ रही है।

**कौन था इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद?**

इस्राइल अधिकारियों के अनुसार हद्दाद हमास की सैन्य संरचना में बेहद अहम भूमिका निभा रहा था। वह उन अंतिम वरिष्ठ कमांडरों में शामिल था, जिन्होंने अक्टूबर 2023 में हुए हमलों की योजना तैयार की थी।

बताया गया कि उसने यह जिम्मेदारी अपने पूर्ववर्ती मो. सिनवार की मौत के बाद संभाली थी। मोहम्मद सिनवार भी इस्राइल कार्रवाई में मारा गया था।

**परिवार ने भी मौत की पुष्टि की**

आज हद्दाद के परिवार ने एसोसिएटेड प्रेस को उसकी मौत की पुष्टि की। इस्राइल इसे अपनी सैन्य कार्रवाई की बड़ी सफलता मान रहा है, जबकि क्षेत्र में तनाव लगातार बना हुआ है।

**संघर्षविराम पर फिर मंडराया संकट**

हद्दाद की मौत ऐसे समय में हुई है जब इस्राइल और हमास के बीच संघर्षविराम बेहद नाजुक स्थिति में है।

हमास के निरस्त्रीकरण समेत कई अहम मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन पाई है, जिसके कारण युद्धविराम समझौते की प्रगति धीमी पड़ गई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है तथा संघर्षविराम पर भी इसका असर पड़ने की आशंका है। शुक्रवार की शाम को इस्राइली सेना ने गाजा शहर में यह भीषण हमला किया। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने खुद आधिकारिक तौर पर इस हमले की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि इस हवाई हमले में हमास की सैन्य शाखा (कासिम ब्रिगेड) के प्रमुख इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद को सीधा निशाना बनाया गया है।

### युद्धविराम लागू होने के बावजूद गाजा के हालात कैसे हैं?

अक्तूबर 2025 में इस्राइल और हमास के बीच एक कमजोर सा युद्धविराम (शांति समझौता) हुआ था, लेकिन जमीन पर इसका कोई खास असर नहीं दिख रहा है। दोनों पक्ष लगातार एक-दूसरे पर समझौते को तोड़ने का आरोप लगाते रहते हैं। शांति समझौते के बाद भी गाजा में इस्राइली हमले लगभग हर दिन हो रहे हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर के युद्धविराम के बाद से अब तक 850 से अधिक फलस्तीनी नागरिक मारे जा चुके हैं। वहीं, जब से यह युद्ध शुरू हुआ है, तब से गाजा में 72,700 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। इस्राइल लगातार हमास के नेताओं को चुन-चुन कर मार रहा है, जिससे शांति की सभी उम्मीदें खत्म होती दिख रही हैं।

# थाईलैंड में भीषण हादसा, मालगाड़ी ने क्रॉसिंग पर बस को मारी टक्कर, आठ की मौत, 20 से ज्यादा घायल

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक रेलवे क्रॉसिंग पर वाहनों की कतार में खड़ी एक सार्वजनिक बस को मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में आठ लोगों के मारे जाने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं।

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में शनिवार को एक भीषण हादसा हो गया। बैंकॉक में रेलवे क्रॉसिंग पर मालगाड़ी ने एक सार्वजनिक बस को टक्कर मार दी। इस हादसे में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई। थाई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह दुर्घटना दोपहर बाद मध्य क्षेत्र में एक हवाई अड्डे के रेल लिंक स्टेशन के पास हुई।

**मालगाड़ी ने रेलवे क्रॉसिंग पर फंसी बस को मारी टक्कर**

शहर की आपातकालीन सेवाओं के एरावन मेडिकल सेंटर ने बताया कि कम से कम आठ लोग मारे गए और 20 से अधिक लोग घायल हुए। दुर्घटना के वक्त का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें देखा जा सकता है कि रेलवे क्रॉसिंग पर वाहनों की एक कतार रुकी हुई थी, तभी एक मालगाड़ी ने सामने खड़ी एक नारंगी रंग की बस को टक्कर मार दी।




### मालगाड़ी के साथ घिसटती गईं कई गाड़ियां

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में आग लगने से पहले कई गाड़ियां भी पटरियों पर घिसटती चली गईं। टक्कर के बाद कई मोटरसाइकिलें और उन पर सवार लोग भी सड़क पर गिर पड़े। बाद में बनाए गए वीडियो में आग पर काबू पाने के बाद बचावकर्मियों का एक समूह जली हुई बस के अंदर जाता हुआ दिखाई दिया।

### राहत-बचाव कार्य जारी

हादसे के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य जारी कर दिया गया था। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। वहीं, अब हादसे की वजह जानने के लिए अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसा बहुत भीषण था। मालगाड़ी से टक्कर के बाद बस से किसी को भी निकलने का मौका नहीं मिल पाया था।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | रविवार • 17 मई -2026
गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# तालकटोरा स्टेडियम में होने वाले महासम्मेलन की तैयारी तेज, राम अवतार जिंदल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## दो जून को दिल्ली में ओपी राजभर को सुनने पहुंचेंगे हजारों कार्यकर्ता, संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान पर बनी रणनीति



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार जिंदल के स्कूल परिसर में आयोजित संगठनात्मक बैठक में दो जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होने वाले बड़े कार्यक्रम को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

पदाधिकारियों ने दावा किया कि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओपी राजभर को सुनेंगे। बैठक का संचालन राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता दयाराम भार्गव ने किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश (दलित प्रकोष्ठ) रितेशराम, जिला अध्यक्ष मुरादाबाद रवि चौधरी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ओपी राजभर को सुनने उमड़ेगा जनसैलाब, हजारों कार्यकर्ताओं की भागीदारी का दावा

करंट क्राइम। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने कहा कि दो जून को तालकटोरा स्टेडियम में होने वाला कार्यक्रम पार्टी के लिए शक्ति प्रदर्शन साबित होगा। इसमें हजारों कार्यकर्ता पहुंचकर ओपी राजभर के विचार सुनेंगे और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लेंगे। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा जोश दिखाई दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ने पूरी ताकत से जुटने का भरोसा दिलाया।

### राम अवतार जिंदल ने संभाली तैयारियों की कमान, दिल्ली कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में जुटे जिंदल

करंट क्राइम। बैठक में दो जून के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने की रणनीति बनाई गई। कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा का केंद्र राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार जिंदल की सक्रियता भी रही। बताया गया कि वह दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी शिद्दत से तैयारियों में जुटे हुए हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क किया जा रहा है और कार्यक्रम में बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

### 'जन-जन तक पहुंचानी है पार्टी की विचारधारा', संगठन मजबूती पर दिया गया विशेष जोर

**करंट क्राइम।** बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, जनसंपर्क अभियान तेज करने और आगामी कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि समाज के अंतिम पायदान तक न्याय पहुंचाना पार्टी का उद्देश्य है और इसके लिए संगठन का मजबूत और अनुशासित होना जरूरी है।

## प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर पहुंचे शोक व्यक्त करने के लिए



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जयपुर सीएम ऑफिस के कार्यालय प्रभारी रहे भाजपा नेता महेश कुमार के पिता का बीते दिनों निधन हो गया था। वर्तमान में तेलंगाना प्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर महेश कुमार के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल महेश कुमार को सांत्वना दी और उनके पिता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान उनके साथ युवा भाजपा नेता राहुल गोयल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में महिला ने पेट्रोल डालकर की आत्मदाह की कोशिश

मोदीनगर (गाजियाबाद)। गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर में संपूर्ण समाधान दिवस में एक महिला ने खुद पर पेट्रोल डालकर की आत्मदाह की कोशिश। पुलिस ने आनन-फानन किसी तरह महिला को बचा लिया। बताया गया कि दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। बताया गया कि महिला 6 महीने से थाने व तहसील के चक्कर काट रही थी। जानकारी के अनुसार, पीड़िता साक्षी भोजपुर थाना क्षेत्र के कस्बा फरीदनगर की रहने वाली है।

## 26 दिनों से संदिग्ध परिस्थित में लापता 16 वर्षीय किशोरी, एफआईआर दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वेव सिटी क्षेत्रांतर्गत लाल कुंआ के शंकर विहार कॉलोनी से एक 16 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी बीते 20 अप्रैल से घर नहीं लौटी है। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो पीड़िता की मां ने थाने में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच और किशोरी की तलाश में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, लाल कुंआ क्षेत्र के शंकर विहार कॉलोनी निवासी मुन्नी देवी पत्नी राजेन्द्र ने थाना वेव सिटी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी गत 20 अप्रैल की शाम को घर से किसी काम का बोलकर निकली थी, लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटी। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उनकी बेटी कभी-कभार बिना बताए अपनी रिश्तेदारी में घूमने चली जाती थी। इसी उम्मीद में परिजनों ने पहले अपने स्तर पर सभी रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहां उसकी काफी तलाश की, नहीं मिलने पर 14 मई तक जब किशोरी का कहीं कोई पता नहीं चला, तो परेशान होकर परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी।

एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि किशोरी की मां की दी गई शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, किशोरी की खोजबीन के लिए टीमें लगा दी गई हैं, जल्द ही किशोरी को सकुशल ढूंढ लिया जाएगा।

## गाजियाबाद: 80 साल के बुजुर्ग ने कुल्हाड़ी से की पत्नी की हत्या, फिर खुद ही पहुंच गया थाने

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र में शनिवार तड़के 4 बजे 80 साल के वृद्ध ने अपनी 75 वर्षीय पत्नी को कुल्हाड़ी से काट दिया, फिर उसके सिर, गर्दन और कंधे पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किए। इसके बाद हत्यारा खुद मुरादनगर थाने पहुंचा और पुलिस से कहा कि मैंने अपनी पत्नी की काटकर हत्या कर दी है। जिसके बाद पुलिस में अफरा-तफरी मच गई. पुलिस आरोपी को मौके पर लेकर पहुंची। जहां वृद्धा का शव खून से लथपथ हालत में चारपाई पर पड़ा था। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है।

### बेटी के घर पर रहते थे 80 साल के वृद्ध नाना-नानी

पुलिस की अभी तक की जांच में सामने आया है कि 80 साल के वृद्ध अपनी पत्नी के साथ बेटी के यहां रह रहा था। आए दिन वृद्ध दंपति में झगड़ा होता था। असल में बुजुर्ग हरपाल की दो बेटियां और एक बेटा है। बेटे का 5 साल पहले लुधियाना में एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। उसके बाद से वह अपनी बड़ी बेटी कंचन के यहां अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। सुबह 4 बजे 80 वर्षीय हरपाल पुत्र खचेडू निवासी रावली कला थाना मुरादनगर ने चौकी रावली पर आकर सूचना दी कि मैंने अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से काट दिया है। सूचना पर पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंची तो पता चला कि हरपाल मूल निवासी मोरटा ने हत्या की है।

## गाजियाबाद में अग्नि सुरक्षा को लेकर व्यापक मॉक ड्रिल हाईराइज भवनों और अस्पतालों का हुआ निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कमिश्नरेट गाजियाबाद में 01 मई 2026 से संचालित विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 15 एवं 16 मई को जिले के हाईराइज भवनों, अस्पतालों, स्कूलों, बैंकट हॉल और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। अभियान का उद्देश्य आमजन को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना रहा।



मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद एवं अन्य प्रभारी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचकर प्रमुख परिसरों में मॉक ड्रिल कराई और फायर रिस्क निरीक्षण किया। इस दौरान इंदिरापुरम स्थित गुलमोहर रेजीडेंसी, गोविन्दपुरम का शिवालिक हॉस्पिटल, अशोक नगर के ओम नर्सिंग होम एवं अग्रवाल मेटरनिटी एंड सर्जिकल सेंटर, बजरिया डाकघर, भारत सिटी सोसायटी फेज-2, शांति भवन बैंकट हॉल, ए.के. चिल्ड्रन एकेडमी, भोजपुर स्थित कृपा राम डेरी, ट्रॉनिका सिटी स्थित तेजस फ्लेक्सीपैक प्राइवेट लिमिटेड तथा लोनी स्थित जोगिंदर पैलेस सहित कई महत्वपूर्ण परिसरों में सुरक्षा अभ्यास कराया गया।

अभियान के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने फायर टेंडर्स के साथ भवनों के निकास मार्गों का निरीक्षण किया और अग्निशमन प्रणालियों की कार्यक्षमता की जांच की। उपस्थित लोगों को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया तथा आग लगने की स्थिति में सुरक्षित निकासी और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान जिन भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था में कमियां पाई गईं, उन्हें सुधार के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। साथ ही संबंधित भवन स्वामियों और प्रबंधन को विद्युत सुरक्षा प्रणाली का ऑडिट कराने के निर्देश दिए गए हैं।

अग्निशमन विभाग ने स्पष्ट किया कि सभी भवनों में स्थापित फायर सिस्टम हमेशा ऑटो मोड एवं कार्यशील अवस्था में होने चाहिए तथा निकास मार्ग पूरी तरह अवरोध मुक्त रखे जाने चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी सुनिश्चित हो सके।

कमिश्नरेट गाजियाबाद ने इस अभियान को जनसुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रतीक बताते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करें और अपने भवनों में सुरक्षा मानकों को प्राथमिकता दें, जिससे किसी भी दुर्घटना में जन-धन की हानि को रोका जा सके।

## कैलाश मानसरोवर भवन में जून से पहुंचेंगे श्रद्धालु, प्राधिकरण ने जांची व्यवस्थाएं





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद धर्मार्थ कार्य निदेशालय ने इंदिरापुरम स्थित मानसरोवर भवन जीडीए को हस्तांतरित किया था। दोनों विभागों के बीच 30 साल के लिए अनुबंध किया गया है। भवन का रखरखाव और संचालन जीडीए की जिम्मेदारी है। अगले माह जून से कैलास मानसरोवर भवन में श्रद्धालुओं के जत्थे पहुंचना आरंभ होंगे। जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने प्राधिकरण अधिकारियों के साथ नामित एजेंसी के इंतजाम का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैलास मानसरोवर भवन की देखरेख व संचालन की जिम्मेदारी जीडीए के पास है। जीडीए द्वारा नामित एजेंसी को मानसरोवर भवन में नियमानुसार व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करेगी, लेकिन कैलास मानसरोवर यात्रा के दौरान यहां आकर रूकने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह भवन आरक्षित रहेगा।

शनिवार को जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल, सचिव विवेक मिश्र आदि ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मानसरोवर भवन में श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं में मिली खामियों को दूर करने के निर्देश दिए।

करीब आठ हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैले कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण धर्मार्थ निदेशालय द्वारा करीब 132 करोड़ रुपये में कराया गया है। इसमें बेसमेंट सहित कुल चार मंजिलें हैं, जिसमें रिहायशी और सुविधाजनक कमरे, पार्किंग, प्रशासनिक और सेवात्मक ब्लाक शामिल हैं।

### 50-50 जत्थों में पहुंचेंगे श्रद्धालु

यहां श्रद्धालुओं का अगले माह 15 जून से आना शुरू हो जाएगा, जो करीब एक हजार की संख्या में 50-50 के जत्थों में यहां पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं के पंजीकरण और स्वास्थ्य जांच के साथ ही रहने, खान-पान, पूजा-पाठ, भजन और परिवहन आदि की व्यवस्था एजेंसी के माध्यम से ही कराई जाएगी।

## गाजियाबाद में कुत्तों के काटने के मामले बढ़े 336 लोगों को लगी एंटी रेबीज वैक्सीन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जानवरों के काटने पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र में रोज सौ से अधिक लोगों को आवारा और पालतू कुत्तों के अलावा बंदर काटकर घायल कर रहे हैं।

सबसे अधिक बच्चों पर जानवर हमला कर रहे हैं। शनिवार को जिला एमएमजी अस्पताल में एआरवी लगवाने वाले लोगों को लंबी कतार लगी रही है। किसी को एक तो किसी को दो घंटे में एआरवी लगाई गई।

नेहरूनगर, करहैडा, भूडभारत नगर, दिल्ली गेट,मोरटा और घूकना के छह लोगों को खूंखार कुत्तों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। डा. नितिन प्रियदर्शी ने बताया कि एआरवी के अलावा उक्त सभी को एंटी रेबीज सीरम लगाया गया। जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में 56 बच्चों समेत 119 लोगों को आवारा कुत्तों के अलावा बंदर और बिल्लियों ने काटा है। इनमें से छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

उपचार के बाद सभी को एंटी रेबीज सीरम लगाते हुए घर भेज दिया गया। जिला एमएमजी अस्पताल में 179 और संयुक्त अस्पताल में 119 लोगों ने पहुंचकर एआरवी लगवाई। यहां पर एक बच्चे को एंटी रेबीज सीरम लगाया गया। डूंडाहेड़ा स्थित संयुक्त अस्पताल में कुल 38 लोगों ने एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई।

## बुलडोजर से अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

### गाजियाबाद के मुरादनगर में जीडीए का बड़ा एक्शन

**मुरादनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को मुरादनगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। जीडीए की प्रवर्तन टीम ने असालतनगर गांव में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर बुलडोजर चलाकर निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो सके।



जानकारी के अनुसार, प्रवर्तन क्षेत्र-2 के प्रभारी के नेतृत्व में जीडीए की टीम सुबह असालतनगर क्षेत्र में पहुंची। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि गांव के निकट कृषि भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृति और बिना वैधानिक अनुमति के अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। जांच में पाया गया कि अमित त्यागी, विश्वजीत और सिद्धार्थ त्यागी द्वारा करीब 2300 वर्गमीटर जमीन पर प्लॉटिंग कर कॉलोनी बसाने का कार्य किया जा रहा था। जीडीए अधिकारियों ने बताया कि कॉलोनाइजरों की ओर से जमीन पर सड़कें बनाई जा रही थीं तथा प्लॉट काटकर लोगों को बेचे जाने की तैयारी चल रही थी। प्राधिकरण से कोई स्वीकृति न होने के कारण इसे अवैध निर्माण की श्रेणी में पाया गया। इसके बाद टीम ने तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी।

कार्रवाई के दौरान बुलडोजर की मदद से बनाई गई सड़कों, बाउंड्री वॉल और अन्य निमार्णों को तोड़ दिया गया। जीडीए की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी एकत्र हो गए।

## एक महीने से सड़क पर भरा नाले का गंदा पानी, अधिकारियों की नहीं है नजर

**मुरादनगर करंट क्राइम।** मुरादनगर की मलिकनगर कॉलोनी में सड़क किनारे बने नाले के ओवरफ्लो होने से पिछले एक महीने से अधिक समय से जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



नाले का गंदा पानी सड़क पर भरने से कॉलोनीवासियों और आसपास के दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्क के आसपास रहने वाले लोगों के लिए स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है। जलभराव के कारण गंदा पानी दुकानों तक पहुंच रहा है, लेकिन संबंधित अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

मलिकनगर कॉलोनी को दिल्ली-मेरठ मार्ग से जोड़ने वाली करीब सौ मीटर लंबी सड़क पूरी तरह नाले के पानी में डूबी हुई है। इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। लोगों को मजबूरी में गंदे पानी से होकर निकलना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिनके पास वाहन हैं, वे किसी तरह निकल जाते हैं, लेकिन पैदल चलने वालों के लिए यह रास्ता बड़ी समस्या बन चुका है। मुख्य नाले के बंद होने के कारण पानी सड़क और उससे जुड़े मार्गों पर भर गया है। कई महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे पानी में फिसलकर घायल भी हो चुके हैं।

जलभराव वाले इलाके में गंदे पानी के कारण बीमारी फैलाने वाले कीट-पतंगे भी पनप रहे हैं। रात के समय अंधेरा होने से हादसों का खतरा और बढ़ जाता है।

कॉलोनी निवासी शाहिद कुरैशी ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय सभासद और नगरपालिका चेयरपर्सन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

वहीं, नगरपालिका के ईओ डॉ. शैलेंद्र सिंह का कहना है कि मुख्य नाले के निर्माण कार्य के चलते जलभराव की समस्या पैदा हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य जल्द पूरा कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

## गाजियाबाद में 40 डिग्री पहुंचा पारा भीषण गर्मी और तपिश से लोग बेहाल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को सुबह से ही धूप के तीखे तेवर देखने को मिले। दिन चढ़ने के साथ तपिश बढ़ती गई और गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। हवा चलने के बावजूद तेज धूप का असर कम नहीं हुआ। दोपहर होते-होते हालात ऐसे रहे कि सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही कम नजर आई।



मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में धूप की तीव्रता के साथ तापमान में भी बढ़ोतरी के आसार हैं, जिससे गर्मी का असर और बढ़ सकता है। लू जैसे हालात बने रहने की संभावना जताई गई है। पिछले कई दिनों से तापमान में लगातार बढोतरी हो रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे में दोपहिया व पैदल लोग सिर और चेहरे को कपड़े से ढककर घरों से बाहर निकले। कई लोग धूप से बचने के लिए छाते का सहारा लेते दिखाई दिए। गर्मी से राहत पाने के लिए शीतल पेय पदार्थों की खपत भी बढ़ गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले एक सप्ताह के बाद तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।